तापमान

अधिकतम 39.4 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

रेलवे स्टेशन के बाहर विकलांगों को स्टेशन तक पहुंचाने के लिए ई-रिक्शा सेवा आरंभ की गई है। इसका लोगों को लाभ मिल रहा है।

खबर संक्षेप

वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज रविवार को

बिलासपुर। सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 13 अप्रैल को मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डॉ. राजेश शुक्ला, एमडी मेडिसीन डॉ. बीआर होतचंदानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

अग्निवीर भर्ती आवेदन की तारीख 25 तक बढ़ी

बिलासपुर। इंडियन आर्मी ज्वाइन करने की चाहत रखने वाले युवाओं को एक और मौका मिलने जा रहा है। अग्निवीर भर्ती के आवेदन की आखिरी तारीख जो 10 अप्रैल थी उसे 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर मौजूद है। इसी वेबसाइट पर आवेदन करना होगा।

बादलों की आवाजाही के बाद शाम को बदला मौसम, बारिश से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम में एक बार फिर उतार चढ़ाव जारी है, दो दिनों से आसमान पर बादल मंडराने लगे हैं, गुरूवार शाम अचानक गरज चमक के साथ बारिश होने लगी। इस दौरान दिन भर गर्मी अपने पूरे शबाब में रही और अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं शाम को हुई बारिश के बाद लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिली। बारिश देर रात तक होती रही।

जानकारों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश के 13 जिलों में हल्की बारिश के आसार हैं, आसमान पर बादल मंडराते रहेंगे, लेकिन गर्मी और उमस से राहत मिलने की उम्मीद कम है। प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में परिवर्तन हो रहा है। जिले में भी इसका असर देखा जा रहा है। सुबह से तीखी धूप रही और पारा 40 के करीब रहा, लेकिन दोपहर बाद तेज हवाएं चलने लगी और आसमान में बादल छाने लगे। रायपुर और सरगुजा संभाग में पश्चिमी विक्षोभ का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है।

विभाग ने प्रदेश के 13 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया और इस दौरान गरज चमक के साथ अंधड़ चलने का अलर्ट जारी किया गया है। यह स्थिति अगले 3 दिनों तक रह सकती है। गुरूवार की शाम जिले में मौसम अचानक बदल गया और आसमान पर बादल छाने के बाद गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई। देर रात तक शहर और आसपास के इलाके में गरज चमक के साथ बारिश होती रही।

39.4 डिग्री रहा अधिकतम तापमान

गुरुवार की रात बारिश से भीगी सड़क।

शहर में लू जैसी स्थिति

बिलासपुर में मौसम ड्राई बना हुआ है। गुरूवार को दिन में धूप का असर तेज रहा, जिसके चलते दोपहर को लू का एहसास हुआ। शाम को बादल छाए, हवाएं भी चली। फिर भी गर्मी और उमस से राहत नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ड्राई बना रहेगा।

तीसरे, चौथे सप्ताह में होगी तेज गर्मी

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अप्रैल का तीसरा और चौथा सप्ताह तेज गर्मी वाला होगा। इस दौरान हीट वेव की स्थिति बनने की संभावना रहेगी। दिन का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री तक ऊपर जा सकता है। तापमान 43-44 डिग्री और उसके आसपास पहुंच सकता है। वहीं रात में भी गर्म हवा के थपेड़े महसूस होगी। इस साल अप्रैल में दिन और रात का तापमान सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहेगा।

बिजली की आंखमिचौली जारी,फ्यूज कॉल में नहीं उठ रहा फोन

गर्मी आते ही बिजली की समस्या एक बार फिर सिर उठाने लगी है। ग्रामीण अंचलों की तरह शहर में भी बिजली की लुकाछिपी उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। इस दौरान ट्रांसफार्मर खराब होने और डियो गिरने की समस्या के चलते लगातार बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। सिटी सर्किल में बिजली गुल होने की समस्या आम हो चुकी है। सरकंडा, जूना बिलासपुर, कतियापारा, देवरीखुर्द, मंगला, सकरी जैसे क्षेत्रों में लगातार ट्रीपिंग आने के कारण घंटों बिजली बंद हो रही है। खास बात यह है कि गर्मी बढ़ते ही दिन के साथ ही रात में भी ट्रांसफार्मर जवाब दे रहे हैं। गुरूवार को इंशुलेटर खराब होने के कारण सुबह 8 बजे से 9 बजे तक अग्रसेन चौक, करबला क्षेत्र की बिजली बंद रही, इसके साथ ही अशोक नगर, सरकंडा क्षेत्र में दिन में कई बार बिजली आती व जाती रही। मंगला में शाम होते ही बिजली सप्लाई ठप रही। इस दौरान करीब 1 घंटे तक बिजली बंद रही, जिससे उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो गया। बताया जा रहा है कि टिकरापारा क्षेत्र में इन दिनों लगातार बिजली बंद की शिकायत मिल रही है, जिसके बाद क्षेत्र के उपभोक्ताकओं ने बिजली अधिकारियों से शिकायत कर त्वरित निदान की मांग की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन में फ्यूज कॉल उठ भी जाता है, लेकिन रात होते फ्यूज कॉल के कर्मचारी फोन नहीं उठा रहे है। जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों से जुझना पड़ता है और इस दौरान जोन के एई और जेई का फोन भी बंद मिल रहा है। ऐसे में विभाग के अधिकारियों की उदासीनता उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है।



समर सेशन में हलाकान होंगे यात्री

आज से रद्द होने लगेंगी ट्रेनें, पहले दिन 36 गाड़ियों के थमेंगे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 अप्रैल शुक्रवार से ट्रेनों के रद्द होने का सिलसिला आरंभ होगा, पहले दिन 36 ट्रेनें रद्द होंगी। बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का काम करने के कारण हावड़ा-मुम्बई मार्ग की मुख्य ट्रेनों को 24 अप्रैल तक रोका जाएगा, इस दौरान लाखों यात्रियों का सफर प्रभावित होगा।

मार्च के अंतिम दिन तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय ने रेलवे बोर्ड के दिए माल लदान के टारगेट से ऊपर यानि 252 मिलियन टन करते हुए रिकार्ड कायम किया है। इस रिकार्ड को कायम करने के लिए हजारों की संख्या में यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया गया है। पिछले कई दिनों से यात्री ट्रेनें पटरी पर चलने के कारण यात्रियों को राहत मिलनी शुरु हो गई थी कि अचानक रेलवे के अफसरों ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे 206 किलोमीटर चौथी लाइन के बचे हुए काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 24 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान में यह कार्य रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने के लिए शुरु किया गया है। चौथी लाइन को जोड़ने के कारण सबसे जरूरी हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है, जिसमें सफर करने के लिए यात्रियों को दो माह पहले से बुकिंग कराना पड़ता है। 36 टेनों को शुक्रवार 11 अप्रैल से रद्द करने के साथ दूरंतो जैसी ट्रेन को डायवर्ट किया गया है, जो रायगढ़ के पहले ही डायवर्ट करने के बाद मुम्बई के लिए रवाना हो जाएगी। इसके साथ ही 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।

36 ट्रेनों में मेल और दूरंतो के साथ आजादहिंद एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस के अलावा टाटा-इतवारी, संतरागाछी-जबलपुर, दरभंगा-सिकंदराबाद, पुणे-संतरागाछी, भुवनेश्वर-कुर्ला, बिलासपुर-पटना, एलटीटी-शालीमार, हावड़ा-शिरडी, हटिया-एलटीटी, पोरबंदर-शालीमार और एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली चार मेमू भी शामिल है, जिसके पहिए 25 अप्रैल तक थमे रहेंगे।

नहीं आएगी मेल बिलासपुर

हावड़ा और मुम्बई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में सबसे जरूरी ट्रेन मेल और दूरंतो एक्सप्रेस है, जिसमें सफर करने के लिए यात्री वेटिंग टिकिट लेकर भी चढ़ जाते हैं। 11 अप्रैल से यह दोनों मुख्य ट्रेनें बिलासपुर तक नहीं आएगी। 11 से 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 11 से 24 अप्रैल तक 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 11, 14, 15, 16, 18, 21, 22, 23 अप्रैल को 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। इसके कारण ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

36 के बाद रद्द होंगी 50 ट्रेनें 24 से

वर्तमान में रेल प्रशासन की ओर से बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के रायगढ़ कोतरलिया में चौथी लाइन को जोड़ने के लिए 36 ट्रेनों को रद्द कर दो मुख्य ट्रेन मेल व दूरंतो को डायवर्ट रूट से चलाना शुरु कर दिया है। यह सभी ट्रेनें 24 अप्रैल तक प्रभावित होगी। इसके बाद भी यात्रियों की समस्या दूर नहीं होगी, क्योंकि बिलासपुर से नागपुर सेक्शन के बीच राजनांदगांव से कलमना के बीच तीसरी लाइन का काम करने के लिए 24 के बाद 6 मई तक 50 ट्रेनों को रद्द कर यात्रियों को परेशान किया जाएगा।

14 साल की बालिका को धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार

बिलासपुर। शहर में नानी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली 14 साल की बच्ची को घर में अकेले पाकर ड्राइवर जान से मारने की धमकी देकर तीन दिन तक अनाचार करता रहा। मां की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस की सक्रियता से आरोपी गिरफ्तार

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार,14 साल की बालिका बचपन से अपनी नानी के घर में पढ़ाई कर रही है। उसकी नानी रेलवे में काम करती है। तोरवा बूटापारा निवासी हार्दिक खान रेलवे विभाग के एक अधिकारी का गाड़ी चलाता है। जिसके कारण हार्दिक का बालिका की नानी से जान पहचान हो गई और उसका घर आना जाना था। परीक्षा समाप्त होने के बाद बालिका अपने घर चली गई थी। 4 अप्रैल को वह नानी के घर लौटी। 7 अप्रैल को हार्दिक खान उनके घर गया और बालिका के अकेले रहने का फायदा उठाते हुए उसके साथ अनाचार किया। उसने घटना के संबंध में किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी देकर लगातार 8 व 9 अप्रैल को शारीरिक संबंध बनाया। बच्ची ने डर से घटना की जानकारी अपनी नानी को नहीं दी। बालिका की मां 10 अप्रैल को आई तो पीड़िता ने घटना की जानकारी दी। उसके बाद मां अपनी बेटी को लेकर सिरगिट्टी थाना गई और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उनकी रिपोर्ट पर तोरवा बूटापारा में दबिश देकर ड्रावइर हार्दिक खान को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 64, 2, 351, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी गिरफ्तार

नानी के घर में रहकर पढ़ाई करने वाली 14 साल की बालिका के साथ डरा धमका 3 दिन तक अनाचार करने की रिपोर्ट लिखाई गई। मामले में अपराध कायम कर आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

-रजनीश सिंह
सिरगिट्टी टीआई

सीवरेज के साथ अवैध प्लाटिंग का मुद्दा इस बार गरमाएगा

भाजपा के 17 पार्षद ही घेरेंगे सत्ता पक्ष को 13 कांग्रेसियों ने भी पूछे 26 सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में होगी। इसके साथ ही एक घंटे का प्रश्नकाल भी होगा। इसमें नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए थे।

तय समय तक कुल 30 पार्षदों ने 60 प्रश्न पूछे हैं। 11 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली जाएगी। खास बात है कि भाजपा के 17 और कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सवाल किया है। साफ है सदन में भाजपा के पार्षद ही सत्ता पक्ष को घेरेंगे। अधिकांश सवालों में पानी की समस्या, सड़क - नाली के साथ ही अवैध प्लाटिंग का मुद्दा है। इसके साथ ही अरपापार में जल समस्या और सफाई पर सवाल दागे जाएंगे। बता दें कि सामान्य सभा की बैठक के पहले एक घंटे का प्रश्नकाल होगा। इसके लिए 30 पार्षदों ने दो-दो प्रश्न विकास भवन में जमा किया है। सामान्य सभा के दिन शुरू का एक घंटा प्रश्नकाल के लिए रिजर्व होगा। जिसमें एमआईसी मेंबर पार्षदों के सवालों का जवाब देंगे। इसके बाद सदन की कार्रवाई शुरू होगी। सामान्य सभा में 9 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिसके बाद बहुमत से सभी प्रस्ताव पास किए जाएंगे। इसके बाद बजट पास किया जाएगा।

सामान्य सभा के विषयों की सूची भी जारी

इसके साथ ही इस सामान्य सभा में रखे जाने वालो विषयों की सूचि भी जारी की गई है। इसमे पेयजल के साथ ही सड़क नाली के काम शामिल है। इसके साथ ही रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण, अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण, गौरव पथ निर्माण कार्य, अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य भी शामिल है। इसके अलावा अरपा नदी में पहुंच रहे नालियों के पानी को रोकथाम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए ठेका कंपनी को काम दिए जाने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया गया है।

महापौर पेश करेंगी 1089 करोड़ का बजट

15 अप्रैल को होने वाली सामान्य सभा में महापौर श्रीमती पूजा विधानी 1089 करोड़ का बजट भी पेश करेंगी जो पिछले साल की तुलना में 38 करोड़ रुपए अधिक है। ज्ञात हो कि एमआईसी की बैठक में बजट पर चर्चा हो चुकी है, जिसे एमआईसी ने पास कर दिया है। इसमें बहतराई, खमतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी, सकरी में पेयजल प्रबंधन के लिए 28 करोड़ 17 लाख 22 हजार की मंजूरी मिली है। इसका टेंडर किया गया है। इस पर चर्चा होगी। इसके साथ ही पेयजल के लिए एचडीआई पाइप की जगह पर डीआई पाइप बिछाने के संबंध में रखे गए एजेंडों पर भी चर्चा की जाएगी। चिंगराजपारा में बन रहे व्यवसायिक परिसर के साथ ही अलग-अलग जगहों पर सड़क निर्माण के संबंध में चर्चा कर अन्य एजेंडों पर होगी।

यह सवाल पूछे जाएंगे

शुक्रवार की दोपहर 12 बजे निकाली जाएगी प्रश्नों की लाटरी

- वार्ड 61 के पार्षद राजेश दूसेजा ने मुक्तिधाम रोड में बनी गुमटियों की संख्या और आबंटन के बारे में पूछा है।
- वार्ड 59 की पार्षद श्रीमती सूनीता जगत ने अवैध प्लाटिंग पर क्या कार्रवाई की गई है इसकी जानकारी मांगी है।
- वार्ड 50 के पार्षद जय वाधवानी ने आरके नगर में बने व्यालसायिक काम्प्लेक्स के आबंटन पर जानकारी मांगी है।
- वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद हेमंत मरकाम ने मरे हुए जानवरों को मंगला में फेंकने और बदबू की समस्या उठाई है।
- वार्ड क्रमांग 40 के पार्षद ओम कश्यप ने सीवरेज परियोजना कब तक पूरी होगी और टेंडर कब होगा यह पूछा है।

10 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/11/2025 12:29 AM Page 1

खबर संक्षेप

संभागायुक्त ने सुशासन तिहार शिविरों का लिया जायजा

बिलासपुर। संभागायुक्त महादेव कावरे ने सुशासन तिहार के तहत बिलासपुर नगर निगम के तोरवा क्षेत्र के सामुदायिक भवन में संचालित आवेदन प्राप्ति का निरीक्षण किया गया। यहां अभी तक 27 आवेदन प्राप्त होना बताया गया। प्राप्त आवेदन का पंजीयन किया जा रहा है । आवेदन में मांग ज़्यादा है, शिकायत कम आई है। संभागायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने कहा ताकि लोग आवेदन कर सकें । 11 अप्रैल को आवेदन देने की अंतिम तिथि है। इसके पश्चात विकासखंड मस्तूरी के दर्रीघाट पंचायत में निरीक्षण में अब तक 167 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत मांग और शौचालय की मांग ज़्यादा है। उपस्थित एसडीएम प्रवेश पैकरा को धान खरीदी केंद्र निरीक्षण करने भी संभागायुक्त ने निर्देशित किया क्योंकि इसके सड़क की मांग भी आई थी। संभागायुक्त ने जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा के अमरताल ग्राम पंचायत में भी आवेदन प्राप्ति का निरीक्षण किया, जिसमें अब तक 136 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी को ऑनलाइन करने निर्देशित किया गया।

मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण करने शिक्षा मंडल सदस्य व डीईओ पहुंचे

बिलासपुर। स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय हायर सेकेंडरी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है। जिसका निरीक्षण करने गुरूवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य डॉ. प्रफुल्ल शर्मा व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल तिवारी पहुंचे। जहां उन्हें केन्द्र का मूल्यांकन कार्य संतोषजनक मिला। सभी मूल्यांकनकर्ता अपना मूल्याकंन कार्य सावधानी पूर्वक करते पाए गए। हायर सेकेंडरी का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो गया। वहीं हाईस्कूल में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं हायर सेकंडरी व्यवसायिक कृषि विषय का मूल्यांकन शेष है। निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन केंद्र अधिकारी अरविंद कौशिक एवं सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अरविन्द्र चंदेल, मुख्य परीक्षक जीतेन्द्र खोबरागड़े, सुपरवाइजर, डॉ.पूनम सिंह आदि उपस्थित थे।

वंदे मातरम मित्र मंडल की बैठक में राजीव संयोजक, सुनीता सह संयोजक नियुक्त

बिलासपुर। वन्दे मातरम मित्र मंडल की प्रथम बैठक समता कॉलोनी स्थित अमर बंसल के कार्यालय में संपन्न हुई। वन्दे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने वन्दे मातरम मित्र मंडल की स्थापना क्यों हुई एवं अभी तक की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इन्होंने बताया कि 2 मई 2021 को पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम आने के बाद जिस प्रकार से हिंदुओं के ऊपर अत्याचार किए गए उनके घरों में आग लगाई गई, बहन बेटियों के साथ अत्याचार बलात्कार किए गए उन घटनाओं ने कश्मीर में 1990 की याद ताजा कर दी। उन्हीं घटनाओं से वन्दे मातरम मित्र मंडल का उद्भव हुआ, उस दिन का इंतजार न किया जाए कि जिस दिन हमारी बेटी बलात्कार का शिकार होगी जिस दिन हमारी संपत्ति को आग लगाई जाएगी उसी दिन हम कुछ सोचेंगे या कुछ करेंगे। बैठक में शहर के प्रबुद्ध जन,सेवारत एवं सेवा निवृत्त वरिष्ठ अधिकारी,गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए प्रमुख से पी आर अग्रवाल,एस के जैन,एन पी उपाध्याय,राजीव रिछारिया,पी के नामदेव,पी के एस चंदेल ,किशोर कुमार पिल्लै,विजय बजाज,मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ इला गुप्ता उमेश मिश्रा भिलाई ,डॉ आर ए शर्मा, एम एल सैनी यतीन्द्र नाथ मिश्रा पूर्णिमा पिल्लै सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

केंवट समाज जाली लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र की बैठक में लिया गया निर्णय

बिलासपुर। केंवट समाज जाली लगरा बिलासपुर परिक्षेत्र की बैठक 9 अप्रैल कों बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 3 मई शनिवार को वार्षिक महासभा का आयोजन मोपका में करने का निर्णय लिया गया । जिसमें समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस वार्षिक महासभा में नशा मुक्ति और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष चर्चा और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। लक्ष्मी प्रसाद केवट व काशी कैवर्त ने बताया कि बैठक में महासभा का आयोजन 3 मई को वार्षिक महासभा मोपका में विद्यार्थियों के लिए शिक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए संगोष्ठी, महिलाओं और जनप्रतिनिधियों का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लक्ष्मी प्रसाद केवट, संतोष कुमार केवट, कृष्ण कुमार केवट, गिरीश कुमार केवट, परमेश्वर कुमार केवट, दिलहरण केवट, कीर्ति कुमार केवट, लक्ष्मण केवट, राजकुमार केवट, सुनील निषाद, मनहरण केवट, पवन केवट, राज केवट, समारु राम केवट, हरप्रसाद कैवर्त, किशन लाल केवट, शत्रुहन केवट, राजेन्द्र केवट, गोविंद केंवट, मनहरण केवट आदि मौजूद थे।

नर्सरी डीएवी में भर्ती के लिए लाटरी से होगा चयन

बिलासपुर। वसंत विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में शैक्षिणक सत्र 2025-2026 के लिए नर्सरी क्लास में एडमिशन लिया जा रहा है। इसके लिए शनिवार 12 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे विद्यालय के कांफ्रेंस हाल में लाटरी निकाली जाएगी। इच्छुक अभिभावक तय समय पर कांफ्रेंस हाल पहुंचकर कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

विजिटर राष्ट्रपति भवन से होगी नियुक्ति | **सीयू प्रशासन ने सेंट्रल मिनिस्ट्री को भेजा था नाम**

4 माह पहले 3 नामों का पैनल भेजा, अब तक रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं

बिलासपुर। गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार की नियुक्ति के लिए तीन उम्मीदवारों के नामों का पैनल भेजे चार महिने हो गए हैं और अभी तक मामला अटका हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा सेंट्रल मिनिस्ट्री को यहां से नाम भेजा गया था और सेंट्रल मिनिस्ट्री से यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति भवन भेजा जाएगा, जहां से नियुक्ति आदेश जारी होना है।

प्रदेश के एकमात्र सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार नहीं है और यह यूनिवर्सिटी पिछले कई सालों से प्रभारी के भरोसे चल रहा है। गुरू घासीदास यूनिवर्सिटी को वर्ष 2009 में स्टेट यूनिवर्सिटी से अपग्रेड कर सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया। उस समय स्टेट यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पदस्थ थे, किन्तु उनके जाने के बाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी का पूर्णकालिक प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति आज तक नहीं हो पाई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पिछले साल फिर से रजिस्ट्रार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इससे पूर्व भी यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा बीच-बीच में रजिस्ट्रार पद विज्ञापित किए जाते रहे हैं, परन्तु रजिस्ट्रार की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। लेकिन पिछले बार जो विज्ञापन निकाला गया था उसमें करीब 9 उम्मीदवारों ने आवेदन दिया था, जिनकी स्क्रूटनी, इंटरव्यू के बाद तीन नामों का पैनल बनाकर यूनिवर्सिटी से केन्द्र के शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया था, चूंकि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रथम रजिस्ट्रार की नियुक्ति विजिटर राष्ट्रपति भवन से होती है इसलिए शिक्षा मंत्रालय से राष्ट्रपति नामों का पैनल भेजा जाएगा और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही नियुक्ति आदेश जारी होगा। लेकिन यहां से तीन नामों का पैनल भेजे चार महिने हो गए हैं और अभी तक मामला अटका हुआ है।

सात बार प्रोफेसर व एक बार डीआर संभाल चुके रजिस्ट्रार की कुर्सी

सीयू में अभी तक एक डिप्टी रजिस्ट्रार व सात प्रोफेसर रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। विवि को जनवरी 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला था तब पूर्णकालिक रजिस्ट्रार केके चन्द्राकर करीब सालभर रजिस्ट्रार रहे। श्री चन्द्राकर के बाद से यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार नहीं मिला है। यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का पद महत्वपूर्ण होता है और यूनिवर्सिटी में कुलपति के बाद रजिस्ट्रार ही कोई भी निर्णय लेने के लिए सक्षम होता है, लेकिन प्रोफेसरों को बदल-बदलकर रजिस्ट्रार का प्रभार देकर काम चलाया जाता रहा है। श्री चन्द्राकर के सेंट्रल यूनिवर्सिटी से जाने के बाद कुछ दिनों के डिप्टी रजिस्ट्रार एचएन चौबे को प्रभार दिया गया था और श्री चौबे के बाद प्रोफेसरों को प्रभारी रजिस्ट्रार बनाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह अभी तक चल रहा है। प्रो. आईडी तिवारी, प्रो. एमएसके खोखर, प्रो. बीएन तिवारी, प्रो. शैलेन्द्र कुमार से लेकर प्रो. मनीष श्रीवास्तव प्रभारी रजिस्ट्रार रह चुके हैं। प्रो. मनीष श्रीवास्तव दो बार रजिस्ट्रार का प्रभार संभाल चुके हैं। वर्तमान में गणित विभाग के प्रोफेसर एएस रणदिवे को कार्यवाहक रजिस्ट्रार के प्रभार पर हैं।

यूनिवर्सिटी कई बार निकाल चुकी विज्ञापन

सीयू द्वारा रजिस्ट्रार व फायनेंस अफसर पद के लिए कई बार विज्ञापन निकाला जा चुका है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद सबसे पहले प्रथम कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी के समय में विज्ञापन निकाला गया था, उसके बाद पूर्व कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता के कार्यकाल में भी इन दोनों पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। पिछली बार वर्ष 2021 में रजिस्ट्रार पद के लिए तीन वर्षों के लिए सावधिक आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इनमें से कुछ बार तो प्रक्रिया इंटरव्यू तक पहुंची, उसके बाद यूनिवर्सिटी को योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के कार्यकाल में भी दो-तीन बार रजिस्ट्रार पर के लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है।

मामला अभी प्रक्रियाधीन

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार पद के लिए पूर्व में विज्ञापन जारी हुआ था और आवेदन एवं इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद यूनिवर्सिटी से नामों का पैनल बनाकर मिनिस्ट्री को भेजा गया था वहां पर मामला अभी प्रक्रियाधीन है।

-प्रो. एमएन त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी, सीयू

सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र : उद्योगों के सामने विभाग की नोटिस पड़ी फीकी

सड़क पर हो चुका है कब्जा, नालियों की हालत नहीं सुधरी, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र का हाल बेहाल है। औद्योगिक इकाईयों के द्वारा सड़क का आधा हिस्सा जबरिया कब्जा कर लिया गया है, सरकारी भूमि पर बेजा कब्जा होने के बाद भी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग की ओर से महज खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए नोटिस-नोटिस खेला जा रहा है। इससे आवागमन में परेशानी का सामाना करना पड़ रहा है।

औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी बदहाली के आंसू बहा रहा है, सड़क की मरम्मत का काम शुरू कराया गया है, लेकिन इसमें भी बेतरतीबी निर्माण कर विभाग लोगों को सहुलियत कम परेशानी ज्यादा पहुंचा रहा है। वहीं क्षेत्र में कई ऐसे उद्योग है जिनके माल लदान का रॉ मटैरियल सड़क पर ही डम्प किया जा रहा है। उद्योगों के मजदूर, कर्मचारी और अन्य फैक्टरी वाहन को सड़क पर पार्क कर रहे हैं। ऐसे में सीएसआईडीसी विभाग को काम करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद विभाग के अधिकारी रसूखदार उद्योगपतियों के सामने बौना साबित हो रहे हैं। सड़क पर पार्क वाहनों को लेकर विभाग के अधिकारियों ने संबंधित औद्योगिक इकाईयों को नोटिस भेजकर कार्रवाई का डर दिखाया है, लेकिन उद्योगों के सामने नोटिस फीकी पड़ चुकी है और सड़कों पर वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है।

नाली की नियमित सफाई नहीं होने से उग आए हैं खरपतवार।

सड़क किनारे अवैध पार्किंग होने से लगा रहता है जाम।

साइट आफिस में कर्मचारी नहीं

औद्योगिक क्षेत्रों में विकास का जिम्मा सीएसआईडीसी विभाग का है। इसके इंजीनियरिंग विंग का कार्यालय भी सिरगिट्टी परिक्षेत्र में आता है, लेकिन यह कार्यालय भगवान भरोसे है। कार्यालय ज्यादातर सूनसान होता है और गिनती के कर्मचारी ही मिलते हैं। हालत यह है कि इंजीनियरिंग विंग होने के बाद भी विभाग ने अबतक कार्यपालन यंत्री की पदस्थोपना नहीं की है। साल भर पहले तक रायपुर कार्यालय के अधिकारी ही इस कार्यालय का जिम्मा संभालते थे, लेकिन उन्हें भी मूल विभाग में भेज दिया गया है। तब से कार्यालय का काम काज अस्त व्यस्त हो चुका है। बताया जा रहा है कि हाल ही में औद्योगिक क्षेत्रों में निर्माण के कार्य जारी है, लेकिन आला अधिकारियों के नियंत्रण के अभाव में ठेकेदार मर्राशाही से काम कर रहे हैं।

सफाई तक नहीं हो रही है

औद्योगिक क्षेत्र तिफरा और सिरगिट्टी में सफाई सीएसआईडीसी और नगर निगम विभागों के द्वारा किया जाना है, ऐसे में दोनों विभाग एक दूसरे पर काम सौंप चैन की नींद सो रहे हैं। कई बार उद्योगपतियों ने इस बारे में विभागों को पत्र लिखा है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। नालियों में गाजर घास उग चुकी है। वहीं हाल में किए गए निर्माण कार्य अबतक अधूरे हैं, जिसके चलते समस्या का निबटारा नहीं हो पा रहा है।

मिली है शिकायत

उद्योगों इकाईयों को पर्याप्त जमीन की आबंटन किया गया है, इसके बावजूद कई उद्योग की शिकायत विभाग को मिली है। पार्किंग की समस्या नहीं है, लेकिन इकाईयां आबंटित भूमि से अलग सड़क पर कब्जा कर पार्किंग कर रहे हैं, इससे अन्य उद्योगों के साथ ही आसपास के लोगों को समस्या होती है। इस बारे में पहले भी नोटिस जारी किया गया है। आला अधिकारियों के संज्ञान में लाकर कार्रवाई की जाएगी।

-एमएल कुसरे, सीजीएम, उद्योग विभाग

सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों में दिखा उत्साह

बिलासपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शुरू हुए राज्यव्यापी सुशासन तिहार के तीसरे दिन भी लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। सरकार से संवाद और समस्याओं के समाधान की इस पहल को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और आम जनता बड़ी संख्या में आवेदन देने पहुंच रहे हैं।

जिले में अब तक 67884 आवेदन मिल चुके हैं, इनमें 1802 शिकायत एवं 66082 मांग से संबंधित आवेदन है। लोग मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, साफ-सफाई, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दे रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन करना और भी आसान हो गया है। इसके लिए **www. sushasantihar. cg.nic.in** पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

- **अब तक जिले में लगभग 67884 आवेदन मिले**

मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बहतरा के लखन बंजारे और कलेश्वरी बंजारे ने जॉब कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया था। उन्हें आवेदन देने के कुछ समय बाद ही जॉब कार्ड मिल गया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सभी की सुध ले रहे हैं। सुशासन तिहार के जरिए हमारी समस्याओं का समाधान हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जा रहा है। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

बिजनेस प्लस

एएस फन बबल आइलैंड बना लोगों के घूमने की पसंदीदा जगह

बिलासपुर। गर्मी बढ़ते ही लोगों के घूमने का पसंदीदा जगह एएस फन बबल आइलैंड वाटर पार्क बन गया है।

बबल आइलैंड वाटर पार्क बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मात्र 5 किलोमीटर और बस स्टैंड से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है। जहां वाटर पार्क के साथ-साथ लोगों को एम्यूजमेंट राइड भी मिलेगी। वाटर पार्क में जहां एक तरफ एकवा लूप जैसे थ्रिल वाले झूले है, वहीं फैमिली और बच्चों के लिए नई किड्स पूल भी है। रेन डांस, वेव पूल जैसे कई आकर्षक स्लाइड्स मौजूद है। यहां आये हुए लोगों का मानना है कि शहर का ये बड़ा वाटर पार्क डे आउट के लिए सर्वोत्तम स्थान है। बबल आइलैंड वाटर पार्क की भीड़ में लगातार इजाफा हो रहा है। लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ बड़े पैमाने पर आकर यहां लुप्त उठा रहे हैं।

शैल वस्त्रालय में खास मौके के लिए फैशनेबल और आकर्षक संग्रह

बिलासपुर। शादी का मौसम आते ही हर किसी की नज़र एक बेहतरीन और पारंपरिक परिधान पर होती है, जो इस खास दिन को और भी खास बना सके। शादी मतलब शैल वस्त्रालय में हम आपको सबसे शानदार और विविधता पूर्ण संग्रह पेश करते हैं, जिसमें आपको साड़ी, कुर्ता, इंडो वेस्टर्न, ब्राइडल कलेक्शन जो आपके शादी के दिन को और भी खास बनायेगा। हमारे संग्रह में हर तरह की साड़ी की विस्तृत रेंज शामिल है, जो आपके व्यक्तित्व और पसंद को पूरा करती है। हमारी साड़ी कलेक्शन में आपको मिलेगी बंगाली, गुजराती, कांजीवरम, बनारसी, मराठी और कई तरह की डिजाईन और फेब्रिक्स जो हर एक महिला की ख्वाहिश को साकार करती है। इन साड़ियों में आपको पारंपरिक और आधुनिकता का बेहतरीन संगम भी मिलेगा। इसके अलावा शैल वस्त्रालय में हमारी ब्राइडल कलेक्शन खासतौर पर शादी के दिन को यादगार बनाने के लिए की गई हैं। इसमें आपको मिलेगा शादी का लहंगा चौली, स्टाइलिश दुल्हन साड़ी। हमारे वस्त्रालय के ब्राइडल कलेक्शन में हर एक डिजाईन को बड़े ध्यान से तैयार किया गया हैं, ताकि दुल्हन का लुक और भी खुबसूरत हो सके।

यातायात पुलिस ने चौक-चौराहों पर की कार्रवाई

बिलासपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने गुरूवार को विभिन्न चौक चौराहे पर कार्यवाही करते हुए नियमों का उल्लंघन कर अवैध पार्किंग, मुख्य मार्ग में बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ी करने एवं रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की।

यातायात विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तीन क्रेन के साथ नेहरू चौक से कार्रवाई करते हुए मुंगेली नाका चौक, मंगला चौक, अमेरी चौक, महाराणा प्रताप चौक, राजीव गांधी चौक, मंदिर चौक, वेयर हाउस चौक, राजेन्द्र नगर चौक, बृहस्पति बाजार चौक, फूल चौक, ईदगाह चौक सहित अन्य स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने अव्यवस्थित वाहन पार्किंग करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें समझाइश दी है। वहीं मुख्य मार्ग और चौक-चौराहों के किनारे दुकान संचालकों को दुकान के सामने अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही यातायात कार्रवाई से बचने आम नागरिकों को नियमों का समुचित पालन करने अपील किया गया। ताकि यातायात सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित हो सके। कार्रवाई में एएसपी यातायात के हमराह कार एवं बाइक लिफ्टर के प्रभारीगण (टैंगो) एएस आई सुरेंद्र तिवारी, एएस आई कृष्ण कुमार मरकाम, एएसआई अभय खलखो एवं 20 से अधिक अधिकारी व जवान स्टाफ सम्मिलित रहे।

समस्या लेकर आने वालों को दिलाएं न्याय : एसपी

बिलासपुर। थाने में अपनी समस्या लेकर आने वालों को त्वरित सहायता और उन्हें न्याय मिल सके इस पर अधिक जोर देना है। मर्ग जांच और अपराध के निराकरण के लिए विवेचक अपना काम तेजी से करें। ये निर्देश एसएसपी रजनेश सिंह सिविल लाइन थाने के औचक निरीक्षण के दौरान कही। एसएसपी रजनेश सिंह गुरुवार को सिविल लाइन थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लंबित अपराधों और मर्ग जांचों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी समेत पुलिस स्टाफ को निर्देशित किया गया कि थाने में आने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। मर्ग व अपराध जांच में देरी न हो। साथ ही, उन्होंने मेडिकल रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट जल्दी लेकर जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे जांच में अनावश्यक देरी न हो। निरीक्षण के दौरान एसपी ने उन विवेचकों की प्रशंसा की जिन्होंने समय-सीमा में जांच पूरी कर आरोपित के खिलाफ चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने थाना प्रभारी और एएसपी को टाइमलाइन निर्धारित कर मामलों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

सभापति व सदस्यों के चुनाव लिए भी कमेटी का गठन

जिला पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में क्रास वोटिंग का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में 15 अप्रैल को होने वाले विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति व सदस्यों के चुनाव के लिए कांग्रेस ने कमेटी बनाई है। इसके अलावा जिला पंचायत के उपाध्यक्ष चुनाव में क्रास वोटिंग को लेकर भी कांग्रेस की कमेटी जांच करेगी।

जिला पंचायत के स्थायी समितियों के सभापति, सदस्यों के चुनाव के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने निर्वाचन दायित्व कमेटी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के चुनाव में क्रास वोटिंग मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। इसमें जिला पंचायत सदस्य एवं सीपत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र धीवर, जिला महामंत्री ग्रामीण धनंजय सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री ग्रामीण रोमहर्ष शर्मा को शामिल किया गया है। इस अधिकार संपन्न जांच एवं प्रभार कमेटी को निर्देशित

- **कांग्रेस ने गठित की जांच कमेटी**

किया गया है कि 15 अप्रैल को होने वाले जिला पंचायत बिलासपुर के विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति एवं सदस्यों के निर्वाचन में कांग्रेस पार्टी समर्थित अभ्यर्थियों को जीताने के लिए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। हाल ही में संपन्न जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को 8 वोट मिलें। वहीं उपाध्यक्ष के चुनाव में एक वोट क्रास होने के कारण केवल 7 वोट प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष चुनाव में एक वोट किस सदस्य का क्रास हुआ था। इसकी गहन एवं विस्तृत जांच पड़ताल कर सभापति चुनाव दिनांक के बाद एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट एवं पालन प्रतिवेदन गोपनीय तौर पर बंद लिफाफे में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण को प्रस्तुत करेंगे। कमेटी की सदस्यों से कहा गया है कि वे पार्टी हित में बिना किसी दबाव के भय या पक्षपात के अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

एक वोट से अध्यक्ष व दो वोट से उपाध्यक्ष का चुनाव हारे

जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव भारी कशमकश भरा रहा। जिला पंचायत के कुल 17 निर्वाचित सदस्यों में से भाजपा की ओर से राजेश सूर्यवंशी और कांग्रेस की तरफ से सतकली बावरे को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ाया गया था। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी सतकली बावेर के 8 वोट के मुकाबले भाजपा के राजेश सूर्यवंशी 9 वोट प्राप्त कर केवल एक वोट से अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की तरफ से ललिता कश्यप और कांग्रेस से स्मृति श्रीवास को चुनाव लड़ाया गया था, जिसमें कांग्रेस के स्मृति श्रीवास को 7 वोट ही मिलें, जबकि भाजपा के ललिता कश्यप को 9 वोट मिले और एक वोट निरस्त हुआ था। इसी एक क्रास वोट को लेकर कांग्रेस जांच कमेटी बनाई है।

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

वंदे मातरम ने किया पुष्प बरसा कर स्वागत, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

महावीर जयंती पर जीवंत झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा

सकल जैन समाज बिलासपुर ने भगवान महावीर स्वामी का 2624वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव पर गुरुवार को सरकंडा से क्रांति नगर तक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भगवान महावीर के जीवन से संबंधित जीवंत झांकी दर्शनीय रही।

बिलासपुर। गुजराती जैन टिकरापारा में सुबह प्रभात फेरी व बाइक रैली निकाली गई। शोभायात्रा जैन मंदिर सरकंडा से देवकीनंदन चौक, गोल बाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, सीएमडी चौक, विद्यानगर होते हुए क्रांति नगर जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान महिलाएं केसरिया व पीली साड़ी एवं पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा में थे। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ ने कुल्फी व तेरापंथ जैन समाज ने ठंडे पदार्थ का वितरण किया। बैंड बाजा, भगवान की जयकारे के साथ समाज की महिलाओं ने गरबा किया। सकल जैन समाज बिलासपुर के लिए भोजन की व्यवस्था श्रीमंत सेठ विनोद जैन, रंजना जैन, डॉ विशाल जैन, डॉ रेशु जैन एवं परिवार द्वारा की गई।

युवाओं ने निकाली बाइक रैली

समाज के नवयुवकों ने बाइक रैली निकाली जो कि जैन भवन टिकरापारा से निकल कर पुराना बस स्टैंड, गोल बाजार, जूना बिलासपुर, गांधी चौक, जगमाल चौक होते हुए पुनः जैन भवन टिकरापारा पहुंची। इसमें भगवान महावीर के माता-पिता सिद्धार्थ राजा, त्रिशला माता, बाल रूप, यौवन रूप और दीक्षा रूप में बच्चों को सजाया गया था। भगवान महावीर के गीतों पर नृत्य किया गया। जैन भवन पहुंचकर भगवान महावीर के जीवन चरित्र बता कर नवकार मंत्र का जाप किया गया। नवकारसी की गई। शाम को भगवान महावीर स्वामी को हलवे का प्रसाद चढ़ा कर शहरवासियों को वितरण किया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया, खुशाल तेजाणी, कीर्ति गांधी, गोपाल वेलाणी, मनीष शाह, नरेंद्र तेजाणी, दीपक गांधी, दीपक जैन, राजू भाई तेजाणी, दीपक, चेतन सुतारिया, सुनीत, सुमित तेजाणी, पारुल सुतारिया, उर्मिला, हेमा तेजाणी, संगीता दामाणी, सोनल शाह, वंदना यादव, गीतांजलि शाह उपस्थित थी।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सवई सिंघई श्रीमंत सेठ प्रमोद जैन, विनोद, सनत, महेंद्र, वीर कुमार जैन, विमल, चंद्र प्रकाश, सुरेंद्र, इंदरचंद, कमल, पंकज, नरेंद्र, सुभाष, राजेश, शैलेश, सत्येंद्र, भूपेंद्र, कैलाश, विजय, अंशुल, पराग, रूपेश, श्रद्धा, अजय, संजय, अंशुमन, अभिनव, संजीव, अमरेश, विनोद, संदीप, अमित, आलोक, दिनेश, शुभचंद, प्रवीण, विनोद सहित बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग उपस्थित थे ।

51 किलो हलवा का वितरण

श्री दशा श्रीमाली स्थानकवासी जैन संघ टिकरापारा ने महोत्सव पर प्रातः प्रभात फेरी निकाली जो कि टिकरापारा जैन भवन से मन्नू चौक, दयालबंद, जगमल चौक होते हुए पुनः जैन भवन में आकर संपन्न हुई। जिसमें समाज के सभी श्रावक-श्राविकाएं एवं बालक बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर भगवान महावीर स्वामी के जयकारे लगाए। 51 किलो हलवा का वितरण किया गया।

वन्दे मातरम मित्र मंडल द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत

वंदे मातरम मित्र मंडल के सदस्यों ने सीएमडी चौक में पुष्प बरसा एवं ठंडे पदार्थ का वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में महेन्द्र जैन प्रदेश अध्यक्ष, एस एन तिवारी, जय सिंह चंदेल प्रदेश महामंत्री, प्रफुल्ल मिश्रा, पार्थो मुखर्जी, राजेश जायसवाल, सौरभ दुबे, पूर्णिमा पिल्ले, किरण उपाध्याय, कल्पना गुप्ता, पृथ्वी पाल सहगल, राजीव शर्मा, केके दुबे, नवीन दुबे, दिलीप विनोदिया, श्रीनिवास राव, अशोक त्रिपाठी, बालगोविंद, नित्यानंद अग्रवाल, दिनेश जैन, पीके मिश्रा, एसके जैन, याशी जैन सांसद प्रतिनिधि, डॉ केके साव, डॉ एसके दत्ता, जगदीश साहू, अनिल प्रसाद, केसी शर्मा, प्रवेश पुरी, रमेश श्रीवास, पीपी सोनी प्रदेश कोषाध्यक्ष शामिल रहे।

मंदिरों में हुई विशेष पूजा

सुबह मंदिर में विशेष पूजा कर चौक-चौराहों में भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया। वहीं तीनों मंदिरों में प्रातः साढ़े 6 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक, शांति धारा, पूजन किया गया। वहीं सन्मति विहार में तीन वर्गों में शाकाहार पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता कराई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन मनीष, संदीप, मालती जैन, त्रिशला महिला मंडल सन्मति विहार, सुपर सन्मति समूह ने किया। मंगला चौक स्थित जैन कैंपस में श्री जैन श्वेतांबर समाज ने करीब 700 लोगों को भोजन कराया गया।

एजूकेशन अपडेट

रेलयात्रा वृत्तांत पर मिलेंगे 10 हजार, 31 जुलाई तक भेज सकते हैं अपनी कहानी

बिलासपुर। भारतीय रेलवे आपके सफर की अनकही कहानियों को मंच देने जा रहा है। यदि आपके पास रेलयात्रा का कोई यादगार अनुभव है, जिसे शब्दों में पिरोकर दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं तो रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लें और आकर्षक नकद पुरस्कार जीतें। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी में मौलिक और रोचक यात्रा वृत्तांत लिखने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार रुपए प्रथम पुरस्कार, 8000 रुपए द्वितीय पुरस्कार, 6000 तृतीय पुरस्कार और पांच प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक को 4000 रुपए दिए जाएंगे। आपकी कहानी 3000 से 3500 शब्दों के बीच होनी चाहिए, जिसे डबल स्पेस में टाइप किया गया हो और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित हो। कुल शब्दों की संख्या भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। साथ ही अपने वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल जरूर भेजें।

रेलयात्रा के जादू को जीवंत करें

यदि आप सरकारी सेवा में हैं तो आपको प्रमाणित करना होगा कि आपके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है। अन्य प्रतिभागियों को यह पुष्टि करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन नहीं है। साथ ही सभी प्रतिभागियों को यह घोषणा करनी होगी कि उनकी रचना मौलिक है और इसे पहले किसी अन्य प्रतियोगिता में पुरस्कृत नहीं किया गया है। अपने शब्दों से अपनी रेलयात्रा के जादू को जीवंत करें और अपने लेखन के से दें उसे नया आकार। अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई 2025 तक दिए गए पते पर भेजें : सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली - 11000।

आयोजन

धन गुरु दरबार में सुखमनी साहिब का पाठ मेहरबान सिंह साहिब की मनाई गई मासिक वरसी

बिलासपुर। सिंधी कॉलोनी स्थित धन गुरु नानक डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग दरबार में भाई साहेब श्री मेहरबान सिंह साहिब की मासिक वरसी श्रद्धा-भक्ति से मनाई गई। इस दौरान जपुजी व सुखमनी साहिब का पाठ किया गया।

भाई साहब बबल सिंह ने संगत को सत्संग, कीर्तन से निहाल किया। धन गुरु नानक दरबार के प्रबंधक भाई साहब मूलचंद नारवानी ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। बाद में सभी ने लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। दरबार के सेवादार डा. हेमंत कलवानी ने जानकारी दी कि 5 प्यारो का सम्मान कर उन्हें भोजन प्रसाद कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में दरबार के सेवादार मूलचंद नारवानी, सोनू मूलचंदानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, दिलीप जगमलनी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, चंदू मोटवानी, नरेश मेहरचदानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, विष्णु धनवानी, सुरेश माधवानी, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनिता नारवानी, पलक हर्षपाल, कंचन रोहरा, ज्योति हिंदूजा, पलक माखीजा, सोनिया, नीलम कलवानी, राखी ईदनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, गंगाराम सुखीजा, बलराम रामानी, रमेश भागवानी, अविनाश हिंदूजा सहित अन्य सभी सेवादार सक्रिय रहे।

शिविर

विवेकानंद उद्यान में कराया गया योगाभ्यास शांति पाठ के साथ हुआ समापन

बिलासपुर। बिलासपुर विश्व विद्यालय की योग विभाग की विभागाध्यक्ष मोनिका पाठक ने गुरुवार को विवेकानंद उद्यान में योगाचार्य अनिल तिवारी के साथ योगाभ्यास कराया। इसका शुभारंभ अंतर मौन एवं शांति पाठ के साथ किया। यह आयोजन सत्यम ओम योग विद्यालय विवेकानंद शाखा एवं बिलासपुर विश्व विद्यालय का सामूहिक प्रयास से हुआ।

पवन मुक्त आसन के अभ्यास से शरीर को फ्री करने के बाद विभिन्न आसन समूह का बड़े रोचक ढंग से अभ्यास करा लोगों को अपने साथ जोड़े रखा। मार्जरी आसन, उत्तानपाद, मकर, वज्र, शशांक आसन, भुजंगासन, बटर फ्लाइ, त्रिकोण आसन के साथ ही कमर दर्द, आंखों की तकलीफ, सिरदर्द, लो व हाई ब्लड प्रेशर, सुगर, जैसे रोगों के लिए कारगर आसनों का अभ्यास कराया गया। आसनों के अभ्यास के बाद भ्रस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भाती प्राणायाम, नाड़ी शोधन पव भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

साधकों ने किया अनुभव साझा

उपस्थित साधकों में मनोज व रीता भंडारी, श्याम कलवानी, चन्द्रशेखर सागर, सुधीर गुप्ता, रामनारायण तिवारी, अशोक दुबे, केशव चंद्र, नेहा रायजादा, अनिल सोनी, नंदलाल पमनानी, राकेश लालवानी ने योग, आसनों से उनके जीवन में मिले लाभ के अनुभवों को साझा किया। जमन भाई कक्कड़ ने साइटिका, ममता रवि जाजोदिया ने पैरालिसीस, वायपी शर्मा ने पैरों के कड़ेपन, डॉ कौशिक ने सम्पूर्ण शरीर के लिए योग को लाभदायी बताया। राष्ट्रीय स्तर के सब जूनियर योगाभ्यासी प्रणव विश्वकर्मा ने कठिन-कठिन अभ्यासों को सरलता से प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों ने कमाल का योगाभ्यास का प्रदर्शन किया।

सिंधी युवक समिति ने लिया सिंधी भाषा बोलने का संकल्प

बिलासपुर। भक्त कंवराम नगर में पूज्य सिंधी पंचाय भवन में 10 अप्रैल को शाम 5 बजे सिंधी भाषा दिवस मनाया गया। सिंधी युवक समिति, कैलाश मार्केटिंग एवं ममतामयी मां कलावंती फाउंडेशन एवं पूज्य सिंधी 16 वार्ड पंचायतों और मिडिया पार्टनर हमर संगवारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया।

सिंधी युवक समिति के संयोजक एवं संरक्षक अमर बजाज ने बताया कि 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम को आयोजन किया गया। जिसमें संत साईं श्री लालदास, साई वरूण साहेब के सानिध्य आशीर्वाद से सिंधी भाषा बोली, लिपी को जीवित रखने प्रमुख वक्ताओं के विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं माता, बहनों ने सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया। 5 से 10 वर्ष के बच्चों ने बेंत की प्रस्तुति दी। भक्ति गीत संगीत के साथ पारिवारिक सिंधीयत का कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इनकी जज श्रीमती रेखा आहूजा एवं उनकी सम्पूर्ण टीम रहीं। प्रमुख वक्ता के रूप में प्रकाश माधवानी, मुस्कान बच्चानी, शत्रुध्न जैसवानी ने सिंधीयत की बातें कही। इस मौके पर सिंधी युवक समिति द्वारा सिंधी भाषा दिवस कार्यक्रम में सिंधी भाषा बोलने का संकल्प लिया।

सिंधी असांजी बोली ! - मिठड़ी अबाडी बोली !! सिंधी भाषा का सफल आयोजन

इस कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति पर सभी को कैलाश मार्केटिंग के प्रमुख कैलाश मलघानी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। मंच का संचालन जगदीश जज्ञासी एवं नेहा डोडेजा व आभार प्रदर्शन श्रीमती रेखा आहूजा ने किया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर तारबाहर से निकाली जाएगी शोभायात्रा

बिलासपुर। रामनवमीं एवं श्री हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शुक्रवार 11 अप्रैल को शाम 5 बजे शिवसेना द्वारा तारबाहर रेल्वे दुर्गा पंडाल के पास से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन का यह 41 वां वर्ष है।शोभायात्रा तारबाहर से निकल कर गांधी चौक, गोल बाजार होते हुए देवकीनंदन चौक के पास स्थित मंच के पास पहुंचेगी और सभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जिलाध्यक्ष नवीन यादव एवं मुकेश देवगांन ने संयुक्त रूप से बताया कि रामनवमीं शोभायात्रा विगत 41 वर्षों से निकाली जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला होंगे। अध्यक्षता धनजंय सिंह परिहार शिवसेना के प्रदेश प्रमुख करेगें। जिलाध्यक्ष महिला इकाई रेवती यादव ने बताया कि रामनवमीं शोभायात्रा निर्धारित स्थल से निकलेगी। साथ ही देवकीनंदन चौक में भी श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। मास्टर तनिष्क वर्मा, मयूरी खण्डेवाल एवं टीम द्वारा भक्तिमय संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी

देवकीनंदन चौक में होगा हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ

हनुमान जन्मोत्सव पर सवामनी भोग का वितरण

श्रीराम रसोई में हनुमान न्मोत्सव मनाया जाएगा सर्वप्रथम बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में आरती पश्चात सवामनी बूंदी का भोग लगाया जाएगा। संचालक राजीव अग्रवाल ने बताया की इसके पश्चात भोग एवं भंडारा किया जावेगा, साथ ही नगर निगम के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों, सभापति एवं नगर की प्रथम नागरिक पूजा विधानी महापौर का स्वागत एवं सम्मान श्रीराम रसोई परिवार द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारम्भ होकर 2 बजे समाप्त हो जाएगा।

महाभंडारा कल

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सत्यम चौक यातायात थाने के सामने शनिवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान हनुमान की पूजा कर भंडारा प्रारंभ होगा जो प्रभु की इच्छा तक चलता रहेगा।

गुप्ता महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पकवान बनाकर किया प्रदर्शन

बिलासपुर। श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता महिला मण्डल ने करबला स्थित सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें मण्डल की सदस्यों ने उत्साह से भाग लेकर तरह-तरह के मीठे पकवान बना कर आकर्षक डेकोरेशन के साथ उसका प्रदर्शन किया। इससे पूरा भवन परिसर व्यंजनों की खुशबू से सराबोर हो गया।

संस्था की अध्यक्ष मधु गुप्ता ने बताया कि इस महिला मण्डल द्वारा समय-समय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साल में आने वाले प्रमुख त्यौहारों का सेलीब्रेशन किया जाता है। इससे बच्चे भी अपने भारतीय परंपरा से अवगत होते रहते हैं। इसी क्रम में समाज की महिलाओं में कुकिंग के प्रति रूचि बढ़ाने व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

ज्योति गुप्ता को मिला प्रथम स्थान, खुशबू से भवन परिसर रहा सराबोर

ये रहीं विजेता

व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति गुप्ता, द्वितीय शशि गुप्ता, तृतीय स्थान अलका व ममता गुप्ता को मिला। ओके का पुरस्कार दीप्ति गुप्ता और पंचुअल्टी का पुरस्कार रागिनी गुप्ता को मिला।

गेम का लिया गया आनंद

कार्यक्रम के दौरान हॉऊजी खेल कर मनोरंजक गेम्स का आनंद लिया गया। गेम की विजेता शुभ्रा गुप्ता प्रथम, सुमन गुप्ता द्वितीय, अरुणा गुप्ता तृतीय, रेखा, किरण, निक्की गुप्ता चतुर्थ रहीं।

22 खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कई देशों के खिलाड़ी हुए शामिल

पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में संभाग के 4 खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड

स्पोर्ट्स न्यूज

बिलासपुर। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन इंटरनेशनल गेम्स के द्वारा नेपाल के पोखरा स्थित रंगशाला स्टेडियम में चैंपियनशिप का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें बिलासपुर संभाग के चार खिलाड़ियों का चयन पावर लिफ्टिंग के लिए हुआ है। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 4 गोल्ड मैडल जीतकर देश का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता की मेजबानी इन्दु ऑर्गेनाइजेशन द्वारा की गई थी, जो नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल के द्वारा समर्थित है तथा भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधिनियम के तहत स्थापित है। उक्त चैंपियनशिप में 22 खेलों का आयोजन किया गया था।

चैंपियनशिप में मास्टर 40 प्लस कैटिगरी के उत्तम कुमार साहू ने पावरलिफ्टिंग में 435 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा सीनियर अंडर 30 में मेघा भगत ने 352.5, सब-जूनियर में श्रीवर्धन ने 395, सब-जूनियर अंडर-17 में प्रियांशु मानिकपुरी ने 370 किलोग्राम का भार उठाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। उत्तम कुमार एवं मेघा भगत पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर में पदक प्राप्त करके भारत का सम्मान बढ़ा चुके हैं। रायगढ़ जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने कुमारी मेघा भगत को कंपटीशन फीस के लिए आर्थिक मदद कर सहायता की थी। इस प्रतियोगिता में उत्तम कुमार साहू को भारतीय टीम का कोच नियुक्त किया गया था, पूर्व में भी उन्होंने अन्य खेलों की जिम्मेदारियां बखूबी निभाई थीं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा रहे हैं देश का मान

इस महाकुंभ में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। आयरन खेलों के पावरलिफ्टिंग की प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना दबदबा बना कर रखा है। श्रीवर्धन, प्रियांशु और मेघा यह तीनों खिलाड़ी ग्रामीण क्षेत्रों से है और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं, जो कोच उत्तम कुमार साहू के मार्गदर्शन में देश व राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर संस्थापक एवं अध्यक्ष पंकज गावले ने बधाई दी है।

ग्रीष्मकालीन ताइक्वांडो शिविर आज से

ताइक्वांडो एसोसिएशन बिलासपुर का 21 दिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 11 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में आने वाले खिलाड़ियों ताइक्वांडो मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी मुकेश पुरी गोस्वामी, मार्शल आर्ट के गुरु व टीम ट्रेनर द्वारिका साहू व उसकी टीम सुबह 6 बजे से 7 बजे तक देंगे। इसके उपरांत 7 से 7.30 बजे तक योगासान का शिविर आयोजित होगा। यह शिविर यशवीर पूर्णता स्पोर्टस प्रमोशन आर्गेनाइजेशन भारतीय सरकार एवं छत्तीसगढ़ स्पोर्टस प्रमोशन प्रोग्राम फिट इंडिया अभियान के तहत किया जाएगा। इसमें स्कूल के बालक-बालिका खिलाड़ी, यूनिवर्सिटी के महिला-पुरुष खिलाड़ी व जूनियर, सीनियर बालक-बालिका कैडेट खिलाड़ी एवं पांच वर्ष से लेकर 50 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। नए खिलाड़ियों को मार्शल खेल के कीक, पंच, स्टैमिना, इंदोरान्स एक्सरसाइज, स्पीड किकिंग आत्मरक्षा के गुण सिखाए जाएंगे।

खबर संक्षेप

सुशासन तिहार से हटाई गई शिक्षकों की ड्यूटी

लोरमी। संकुल समन्वयक एवं शिक्षक संघ ने सुशासन तिहार में ड्यूटी लगाए जाने का विरोध करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर उन्हें इस ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की थी। संकुल समन्वयक संघ के अध्यक्ष मिल्लूराम यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से मिलकर शिक्षा कार्य से जुड़े कार्यों जैसे परीक्षा का मूल्यांकन कार्य, रिजल्ट बनाने एवं अन्य शैक्षणिक कार्यों में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए उक्त कार्य से मुक्त करने की मांग की। उक्त मांग एवं शिक्षा संबंधित कार्यों को बाधित होता देख एसडीएम ने सुशासन तिहार से इनकी ड्यूटी हटा दी। ड्यूटी हटाने पर संकुल समन्वयक एवं शिक्षक संघ ने एसडीएम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक संघ के अध्यक्ष मिल्लूराम यादव, राजेश कुंभकार, रमन शर्मा, प्रेम जायसवाल, रोहित ध्रुव, बुद्धेश्वर ध्रुव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक समन्वयक मौजूद रहे।

किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने महावीर

लोरमी। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के द्वारा महावीर साहू को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही संघ के अन्य पदाधिरियों की भी नियुक्ति की गई जिसमें सुनील तिवारी महामंत्री, डॉ शैलेश गिरी गोस्वामी उपाध्यक्ष, भारत भूषण शुक्ला सहमंत्री, कृष्ण सिंह राजपूत कोषाध्यक्ष, संजय साहू मीडिया प्रभारी एवं मंडी प्रमुख के रूप में महेश कुमार साहू की नियुक्ति हुई। संघ के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में महेत्तर राम कश्यप, रामावतार, जोहन ध्रुव, दिल हरण साहू, राजकुमार साहू को चुना गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जलेश साहू, मनहरण साहू, प्रमोद कश्यप, श्याम मुकुंद साहू, रविंद्र ठाकुर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

उखड़ी सड़क, कलेक्टर ने किया जांच टीम का गठन

मुंगेली। नगर में नवनिर्मित सड़क के एक माह के भीतर ही उखड़ने की शिकायत पर प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर राहुल देव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच टीम का गठन किया है। जांच दल में एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, जिला कोषालय अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी मनोज जैन तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी चन्द्रकांत कटकवार को शामिल किया गया है। कलेक्टर ने टीम को स्थल निरीक्षण कर शिकायत की सघन जांच करने और अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यदि जांच में लापरवाही और भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ता स्वतंत्र तिवारी ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण हुए अभी मात्र एक माह ही बीते हैं, लेकिन सड़क की परतें उखड़ने लगी हैं और गिट्टियां सतह पर नजर आने लगी हैं। उन्होंने आशंका जताई कि निर्माण कार्य में भारी स्तर पर अनियमितता और गुणवत्ता में लापरवाही बरती गई है।

निधन

प्रभूलाल रामचंदानी

बिलासपुर। जूना बिलासपुर निवासी प्रभूलाल रामचंदानी का गुरूवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 11 अप्रैल को सुबह 10 बजे दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक कुमार, विजय कुमार के पिता, दुर्गेश, करण, सौरभ, अमन, शाहिल के दादा, मोहन लाल, मुरलीधर, राजकुमार रामचंदानी के चाचा व राज कुमार, किशन कुमार के ससुर थे।

समीर वर्मा

मोपका। मोपका के वार्ड क्रमांक 47 निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार वर्मा के इकलौते पुत्र समीर वर्मा उर्फ पोटू का 9 अप्रैल को 14 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए एवं 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मेवा बाई

करगी रोड कोटा। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल की माता श्रीमती मेवा बाई पति स्वर्गीय बजरंग लाल अग्रवाल का स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्टेशन मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय अग्रवाल एवं जगमोहन अग्रवाल की माता एवं शुभम, शिवम, यश की दादी थीं।

जल संकट से निबटने एक किमी से अधिक दूरी तक बनाया रास्ता

खेत की मेढ़ काटकर किसानों ने मनियारी का पानी आगर नदी में मिलाया, बढ़ेगा भू-जलस्तर

खेत की मेढ़ काटकर आगर नदी तक पानी ले जाते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

ग्राम सेनगुड़ा से चिल्फी आगर नदी तक निस्तारी एवं जल संकट से निपटने एवं वाटर रिचार्ज सिस्टम को बहाल करने के लिए ग्रामीणों ने एक किलोमीटर से अधिक तक एक खेत से दूसरे खेत तक में पानी लाकर मेड़ काटकर आगर नदी में मनियारी का पानी समाहित किया। गौरतलब है कि ग्राम खपरी कला चिल्फी, कोसमतरा, लगरा, साल्हेघोरी जैसे अन्य क्षेत्रों में जल शोधन के कारण भूजल स्तर काफी नीचे चला गया गई है, जिससे लोगों को पेयजल एवं निस्तारी के लि भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए ग्रामीण और प्रशासन ने पहल कर सेनगुड़ा के पास नहर से आगर नदी तक तक पानी ले जानेके लिए ग्रामाणों ने खूब पसीना बहाया।

ग्रामीणों ने बताया कि इससे भूजल स्तर थोड़ा बहुत तो ठीक होगा एवं पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। ये नदी के स्टॉप डेमो में भरा रहेगा और बढ़ती गर्मी में लोगो को निस्तारी के पानी उपलब्ध होगी।

गतौरा में पेयजल की समस्या से लोग परेशान

मोपका। ग्राम पंचायत गतौरा मस्तूरी ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत है, जहां के ज्यादातर इलाकों में इन दिनों जल संकट गहराया हुआ है। अधिकतर घरों के बोर से पानी आना बंद हो चुका है एवं टेपनल भी सूख चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि जिस घर का बोर चल रहा है, वहां लोग सुबह से कतार लगाकर पानी के लिए खड़े रहते हैं। साथ ही बिजली की समस्या के कारण लोगों को पानी मिलना मुश्किल हो रहा है। समस्या को देखते हुए पंचायत के द्वारा टेंकर से पानी मंगा कर जल की पूर्ति की जा रही है। चूंकि अधिकतर इलाकों में टेंकर नहीं जा पाते, जिसके चलते लोग कांवर, सायकल से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया की जलस्तर 350 से 400 फीट नीचे चले जाने के कारण समस्या बढ़ गई है। स्थिति ऐसी है कि ग्रामीणों को पानी के लिए 2 से 3 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा है।

तालाब के पानी को दूषित होने से बचाने का प्रयास

पेंड्रा। नपा पेंड्रा के वार्ड क्र 2 और 3 स्थि नया तालाब में नाली का गंदा पानी जाता था, जिससे तालाब का पानी दूषित हो रहा था। वार्डवासियों ने इसकी शिकायत की, जिस पर तत्काल जेसीबी मशीन के माध्यम से गंदा पानी तालाब में जाने से रोका गया। साथ ही नाली की सफाई और निकासी आगे बढ़ाने का कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे तालाबों को दूषित होने से बचाया जा सके। इस अवसर नपा अध्यक्ष राकेश जालान ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी का समय चल रहा है और गर्मी के कारण जलस्तर नीचे चला जाता है एवं पानी की समस्या उत्पन्न होती है। आप सभी नगरवासी पानी का सदुपयोग करें एवं पानी को व्यर्थ न बहाएं।

केंद्रीय मंत्री रेड्डी पहुंचे रतनपुर महामाया का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने धार्मिक नगरी रतनपुर पहुंच कर मां महामाया का दर्शन कर देश में खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी गुरुवार सुबह 9.30 बजे हेलीकॉप्टर से रतनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मां महामाया देवी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा के बिलासपुर सांसद तोखन साहू, एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप, उपाध्यक्ष बिनु निराला, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप, गायत्री साहू, प्रशांत यादव, विजय अग्रवाल, विनायक कश्यप, राजु शर्मा, आदित्य निर्मलकर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने किशन रेड्डी का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। साथ ही मंदिर ट्रस्ट की ओर से भी मंत्री रेड्डी को महामाया देवी का चित्र भेंट किया गया।

■ मंदिर ट्रस्ट की ओर से किया गया महामाया का चित्र भेंट

नवधा रामायण में शामिल हुए विधायक धर्मजीत

तखतपुर। सिलतरा में आयोजित नवधा रामायण में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए। इस अवसर उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य आध्यात्मिक उत्थान, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक जागरूकता है। हम सार्वजनिक रूप से भगवान श्रीराम के चरित्रों का गुणगान करते हुए उनको नवधा भक्ति के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों का गुणगान करते हैं एवं अपने जीवन की सार्थकता सिद्ध करने का प्रयास करते है। रामायण के पाठ से पाठकर्ता के मन में भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके जीवन मूल्यों के पति श्रद्धा का भाव जागृत होता है। विधायक धर्मजीत सिंह ने भगवान श्रीराम चंद्र की पूजा-अर्चना कर उनकी कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश साहू, अमित मंदानी, बाला सिंह, सुनील आहुजा, इस्लाम अंसारी, अंकित अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ हम भगवान श्रीराम के आदर्शों का गुणगान करते हैं: धर्मजीत

मस्तूरी में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए तोखन व धरम

डिडनेश्वरी देवी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे जनप्रतिनिधि।

बिलासपुर। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तथा बिलासपुर लोकसभा सांसद तोखन साहू मस्तूरी विधानसभा में आयोजित भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी, भारतीय जनता पार्टी के सुशासन और विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की नई उड़ान ने जनता के बीच विश्वास का एक नया अध्याय रचा है। सम्मेलन में शामिल होने से पहले श्री साहू ने मल्हार में मां डिडनेश्वरी मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यकर्ता सम्मेलन में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला अध्यक्ष मोहित जायसवाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर तोखन साहू ने कहा कि भाजपा की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मस्तूरी को विकास का मॉडल बनाएंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के जोश, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यही संगठन की ताकत है, जिससे प्रदेश व देश ममें भाजपा का परचम और ऊंचा लहराएगा।

■ भाजपा की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं: तोखन

युकां ने सिलेंडर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

सीपत। पेट्रोल, डीजल ,हित एलपीजी सिलेंडर के दाम में बढोतरी एवं बढ़ती महंगाई को लेकर गुरुवार को मस्तूरी विस युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में नवाडीह चौक सीपत में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हाथ में सिलेंडर लेकर प्रदर्षन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मस्तूरी विधानसभा युंका अध्यक्ष सुनील पटेल ने बढ़ती महंगाई के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जीएसटी व रोजमर्रा की चीजों में इसका असर देखने को मिल रहा है। लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं एवं घर चलाना मुश्किल हो गया है। मंहगाई को नियंत्रित करने में केंद्र सरकार नाकाम रही है। इस दौरान पुतला जलाने निकले युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ की झूमाझटकी भी हुई। विरोध प्रदर्शन करने वालों में मस्तूरी विस युकां अध्यक्ष सुनील पटेल, रितेश साहू, ऋषभकान्त विजय, विकास दुबे, प्रितेश पनौरे, छोटू खरे, सुनील सूर्या सहित बड़ी संख्या में युकां के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रुखमणी विवाह में बाराती के रूप में शामिल हुए बेलतरा विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पेण्डरवा में महिला समिति धीवर समाज द्वारा आठ दिवसीय श्री विष्णु पुराण महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को ग्राम के माता-बहनों द्वारा कलशयात्रा निकाला गया। साथ ही बाजे-गाजे के साथ गरबा नृत्य करते हुए शोभायात्रा निकाला गया।

कथावाचक पं. रोहिणी कुमार पाण्डेय (जावलपुर वाले) द्वारा विधिवत पूजा-पाठ कर सभी देवताओं को स्थापित कर कथा प्रारंभ किए। आज के कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया एवं भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गउओं को चराए जाने व बिना डंडा व पैर में बिना खड़ाउ के बासुरी की धुन सुनाकर गउओं को चराए जाने की कथा कहा गया। भगवान श्री कृष्ण से माता यशोदा कहती हैं कि कान्हा आप जब गउओं को चराने जाते हो तो पैर में खड़ाउ पहन लिया करो, इस भगवान अपने माता से कहते हैं कि माता जब मेरे गउ बिना खड़ाउ के चलते हैं तो मैं भला कैसे खड़ाउ पहनकर चल सकता हूं। इसी तरह आगे रुखमणी विवाह कार्यक्रम किया गया जिसमें बराती के रूप में बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्रीमती अंजनी बैगा, उपसरपंच-श्रीमती शैल गायकवाड़, समाज प्रमुख राजकुमार धीवर, रामदुलारे धीवर, ओमप्रकाश कश्यप, पंचराम धीवर, पवन धीवर, सूर्यकांत, जतिन, जनकराम, भागवत, उत्तम, विमल कश्यप, रोहित, रामप्रकाश कश्यप सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकगण, माता-बहनें एवं बच्चे-बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सीपत के सराफा व्यापारी ने की मरणोपरांत देहदान की घोषणा

सीपत। रक्तदान, देहदान और अंगदान, ये वो शब्द हैं जो न केवल जीवन को बचाते हैं, बल्कि समाज को एक नया संदेश भी देते हैं। इसी सोच के साथ समाजसेवी एवं क्षेत्र के सराफा व्यापारी 78 वर्षीय सीताराम गुप्ता ने अपने भाई के दशगात्र कार्यक्रम के दौरान देहदान करने की शपथ ली। सीताराम गुप्ता ने 27 जून 2022 में एलआईसी अभिकर्ता स्व संतोष गुप्ता के देहदान से प्रभावित होकर मरणोपरांत अपने देहदान की इच्छा प्रकट की, जिसके लिए उन्होंने सिम्स मेडिकल कॉलेज जाकर देहदान की प्रक्रिया पूरी की। सीताराम गुप्ता ने बताया कि जिस प्रकार मेरे बड़े भैया स्व राधेश्याम गुप्ता ने शिक्षकीय कार्य में अपना पूरा जीवन लगा कर लोगों को शिक्षा दी। मेरी भी इच्छा है कि मरणोपरांत मेरा शरीर भी किसी विद्यार्थी के काम आकर उसका भविष्य उज्ववल बना सके। ऐसा कदम उठाकर मैं समाज के लिए प्रेरणादायक संदेश देना चाहता हूं। अगर मरणोपरांत मेरे शरीर का सदुपयोग किसी अनुसंधान कार्य के लिए या किसी की जीवन को बदलने के लिए किया जाता है तो यह मेरे लिए सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक गौरवान्वित करने वाला निर्णय है।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते 8 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते 8 आरोपियों को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुशासन तिहार के पालन में एसपी रजनेश सिंह ने निर्देशित किया है कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई की जाए। इसी का परिपालन करते हुए कोटा पुलिस ने 9 अप्रैल को टाऊन भ्रमण के दौरान कुछ लोगों को सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते पकड़ा है।

उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में कोटा पुलिस ने की। आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जमानत पर रिहा किया गया है। पकड़े गए

आरोपियों में जितेंद्र कश्यप पिता जलेश्वर कश्यप उम्र 29 वर्ष, भुवनेश्वर प्रसाद कश्यप पिता गणेश राम उम्र 29 वर्ष सकिन नवागांव जैत थाना लोरमी, राजा निर्मलकर पिता रामलाल उम्र 29 वर्ष निवासी धरमपुरा थाना जरहागांव, दुर्गेश साहू पिता महेंद्र साहू उम्र 26 वर्ष निवासी सेमरा चपोरा थाना रतनपुर, राहुल कोशरिया पिता स्वर्गीय लिखेश्वर कोशरिया उम्र 39 वर्ष, सुदेश कुमार एक्का पिता संगेम एक्का उम्र 42 वर्ष निवासी व्यापार विहार भारतीय नगर बिलासपुर, हेमचंद सोनवानी पिता गणेश सोनवानी उम्र 36 वर्ष निवासी जोरापारा थाना तखतपुर और परसराम कतली पिता तिनकाराम उम्र 35 वर्ष निवासी मिनोचा कॉलोनी बिलासपुर शामिल हैं। उक्त कार्रवाई में सुमित कुमार, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल सोनी, सनत पटेल एवं अन्य स्टाफ का विशेष भूमिका रही।

कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /157/ तकनीकी/क्षे.प.अ./2025
बिलासपुर, दिनांक 28/02/2025
प्रारूप-37
[नियम-61 (3)]
वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं- 27/
तारीख 27/02/2025
नाम- अनिश ट्रेडर्स पता खपरी रोड सरगांव को यह सूचित किया जाता है कि चौला मंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण स. CG10BN3385 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि...
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।
उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है. को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /158/ तकनीकी/क्षे.प.अ./2025
बिलासपुर, दिनांक 28/02/2025
प्रारूप-37
[नियम-61 (3)]
वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं-.....
तारीख 27/02/2025
नाम- अमीबा ट्रेडर्स पता खपरी रोड सरगांव को यह सूचित किया जाता है कि चौला मंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण स. CG10BM1461 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि...
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।
उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है. को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक /159/ तकनीकी/क्षे.प.अ./2025
बिलासपुर, दिनांक 28/02/2025
प्रारूप-37
[नियम-61 (3)]
वित्तपोषक के नाम नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी की सूचना।
रजिस्ट्री कर्ता प्राधिकारी बिलासपुर छ.ग. सं-.....
तारीख 27/02/2025
नाम- अमीबा ट्रेडर्स पता खपरी रोड सरगांव को यह सूचित किया जाता है कि चौला मंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी वित्तपोषक को सूचित किया जाता है कि उसने उक्त करार उपबंध अधीन आपने व्यतिक्रम के कारण अवक्रय / आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण स. CG10BM1462 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि...
1. आपने उसे रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र देने से इंकार कर दिया है।
उसने रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त यान के जो कि आपके द्वारा आधिपत्य खोये जाने और एतद्वारा धारा 2 (30) के अंतर्गत मोटरयान के स्वामित्व खोये जाने के बावजूद भी रोका हुआ है. को अभ्यर्पित करने और इस संबंध में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, आपके द्वारा इस सूचना-पत्र की प्राप्ति की तारीख से 7 दिनों के भीतर इस कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर धारा 5 (15) के अनुसार, आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र को निरस्त कर वित्तपोषक के नाम रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र जारी किया जायेगा।
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार-3 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/Q/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 07.04.2025
ग्राम कुदुदण्ड के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 तहसील बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा EWS के लिए श्री रूपेश कुमार मिश्रा आ. सहदेव प्रसाद मिश्रा निवासी कुदुदण्ड द्वारा अपने गिरिक मिश्रा के लिए आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22.04.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)
// उद्घोषणा //
क्रमांक/अ.वि.अ./री-1/2025 38
मरवाही, दिनांक 03.04.2025
अ 2/2024-25
सर्व साधारण एवं आम जनतागण नगर पंचायत मरवाही, ग्राम मरवाही, को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेशम लाल मसीह पिता अवध सिंह मसीह, उम्र 68 वर्ष, जाति ईसाई, निवासी नगर पंचायत मरवाही, तहसील मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) द्वारा अभिभाषक के माध्यम से ग्राम मरवाही, प.ह.नं.04, रा.नि.म.-मरवाही, तहसील मरवाही, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 31/10 रकबा 0.010 हेक्टेयर कृषि भिन्न प्रयोजन से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 21.04.2025 तक अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नही किया जावेगा।
आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) मरवाही

Public Notice Of Change In Firm Name
This is to inform the general public that the firm M/s Anjani Minerals, with office located at Office No. 405, 4th Floor, Rama Magneto Mall, Shrikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.), have decided to change the name of the firm. The partnership, which was originally constituted on 02/08/2023, has now changed its name to M/s Anjanee Minerals.
A new Partnership Deed was executed on 15/07/2024, and the change is effective from that date. This notice is being issued to inform all concerned parties.
For
M/S Anjanee Minerals
Partner- Mr. Simar Hora,
Office Address
Rama Magneto Mall,
Shrikant Verma Marg,
Bilaspur (C.G.)

10-APR--REGNOL--pg-5-COMMAN_Layout 1 4/11/2025 12:16 AM Page 1

खबर संक्षेप

श्रीराम हम सब के आराध्य, उनकी शरण में जाने से समस्याएं खत्म

तखतपुर। ग्राम पंचायत चितावर में आयोजित अखंड नवधा रामायण में जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष वस्त्रकार ने प्रभु श्री रामचंद की अमृत रूपी कथा का रसपान किया गया। इस अवसर पर संतोष ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सभी के आराध्य हैं, उनके शरण में जाने से व्यक्ति की सारी मुसीबतें खत्म हो जाती हैं। सार्वजनिक स्थल पर आयोजन होने से वातावरण सकारात्मक होता है, जिससे व्यक्ति को शांति मिलती है। संतोष ने 2 हजार एक सौ रुपए की सहयोग राशि रामायण समिति को प्रदान की। इस अवसर पर रवि मेहर, रवि वस्त्राकार, रामकुमार सिंगरौल जनपद सदस्य, देवा सिंगरौल सरपंच प्रतिनिधि, तुलेश्वर, रतन, नरेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

लोरमी। नगर के तहसील चौक रानीगांव में 8 अप्रैल से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई, जो तहसील चौक से होकर वापस कथा स्थल पहुंची। इसके बाद कथा स्थल पर वेदी स्थापना की गई एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पं रामदेव चतुर्वेदी वृंदावन के श्रीमुख से आगामी 8 दिनों तक भगवान के विभिन्न प्रसंग पर कथा का वाचन किया जएगा। पहले दिन पं चतुर्वेदी ने भागवत महात्मय और परीक्षित जन्म प्रसंग पर कथा कही। इसी क्रम में 10 अप्रैल को शिव-पार्वती विवाह, 11 अप्रैल को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, 12 अप्रैल को वामन अवतार, श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, 13 अप्रैल को गोवर्धन पूजा, 14 अप्रैल को रुक्मणी विवाह, उद्धव संवाद, 15 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष पर कथा कही जाएगी। भागवत कथा के समापन के अवसर पर 16 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। आयोजन को सफल बनाने हेतु नंदकिशोर-धानी देवी वैष्णव, चन्द्रकिशोर-तारणी देवी, श्यामकिशोर-शारदा देवी, बीना-सुरेश कुमार सहित ज्योत्सना-प्रकाश, आकाश वैष्णव सहित समस्त परिवार के लोग जुटे हुए हैं।

इसाफ बैंक की ओर से 5 स्कूलों में लगाए गए वाटर फिल्टर

मुंगेली। इसाफ बैंक मुंगेली एवं प्रचोधन डेवलपमेंट सर्विस के द्वारा 5 शासकीय स्कूलों में वाटर फिल्टर लगाया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला जमकोर एवं पूर्व माध्यमिक शाला जमकोर, शासकीय प्राथमिक शाला देवरी, शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला सुरदा शामिल है। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर योगेन्द्र टंडन एवं स्टाफ प्रवीण सिंह, पोषण साहू, सपना मानिकपुरी, मैरी इन्द्रि नाग, प्राची गोस्वामी एवं प्रधान पाठक चंद्रमणी भास्कर, राजेन्द्र कुमार नेताम, मनोरंजना शुक्ला, ईशिता बाला नाग, भुवन सिंह ठाकुर, शिक्षकगण, छात्र-छात्रायें एवं ग्राम के सरपंच-पंच उपस्थित रहे।

बरतोरी गांव में विकास ही हमारा प्राथमिकता

बोदरी। ग्राम पंचायत बरतोरी में लगातार पानी एवं बिजली की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक के द्वारा ग्रमीणों को इन समस्याओं से राहत दिलाने लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत के सतनामी पारा में जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार जनता ने आशीर्वाद मुझे जनपद सदस्य और अध्यक्ष बनाया है, इसके लिए मैं उनका ऋणी रहूंगा एवं सदैव जनता के लिए कार्य करता रहूंगा। उक्त कार्यक्रम में जिपं सदस्य डॉ गोविन्द यादव, बिल्हा जपं के पूर्व सभापति डॉ लक्ष्मण यादव, बरतोरी सरपंच मनहरण नेताम, प्रह्लाद मांडले, नरेश जायसवाल, देवदत्त यादव, राजेन्द्र डहरिया, हेमंत वैष्णव, दुर्गेश कौशिक, सहदेव चेलकर, धनु, रवि, सुरेश सहित सभी मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

मुंगेली जिले के प्रभारी सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

शासन की योजनाओं को जनता पहुंचाने करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव एवं मुंगेली जिले के प्रभारी सचिव एस भारतीदासन ने गुरुवार को जिला कलेक्टोरेट के मनियारी सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रही विकासात्मक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की और समाधान शिविर के पूर्व शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को आम जनता तक बेहतर ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली और गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोषण प्रदान करने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा। उन्होंने राजस्व विभाग को नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र रके कार्यों का समयबद्ध निपटारा करने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने शिक्षक विहीन स्कूलों में शीघ्र शिक्षकों की नियुक्ति और आरटीई के तहत पात्र बच्चों को पूरी पारदर्शिता के साथ प्रवेश देने को कहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में पीएम जनमन योजना, एनआरएलएम और मनरेगा श्रमिकों के भुगतान में तेजी लाने की बात कही। वन विभाग को लंबित पट्टों के शीघ्र निपटान और अतिक्रमण पर कार्रवाई करने को निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होंने आदिम जाति कल्याण विभाग को छात्रावासों में आवश्यक मरम्मत और साफ-सफाई की मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य गांव, गरीब और आमजनों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों से मिशन मोड में कार्य कर जनता की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता से करने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को गर्मी के मद्देनजर पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने और सूखे हैंडपंप वाले स्थानों पर वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों की बैठक लेते जिले के प्रभारी सचिव।

साइबर अपराध समाधान कार्यों की सराहना

प्रभारी सचिव ने पुलिस विभाग के सायबर अपराध समाधान कार्यों की सराहना की। इस दौरान वनमंडल अधिकारी संजय यादव, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंतिम चरण में भारतीदासन ने जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर का दौरा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का अवलोकन किया और प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से संवाद किया। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार के अवसरों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक अजय शतरंज ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सिलाई मशीन ऑपरेटर, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, सेल्फ एम्प्लायड टेलर एवं जल वितरण संचालक जैसे कोर्स शामिल हैं। सहायक परियोजना अधिकारी निशी देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी एवं संस्था के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

जिले के प्रभारी सचिव एस भारतीदासन ने आज नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका मुंगेली के सामुदायिक भवन में समाधान पेटी, आवेदन पंजी सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने आवेदकों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान ही आवेदिका पायल पंजवानी को जन्म प्रमाण पत्र एवं पूर्णिमा दीवान को विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके पश्चात प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत सुरदा पहुंचे, जहां उन्होंने समाधान पेटियों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की एवं ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, राशन कार्ड आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिले तथा आवेदन प्रक्रिया सरल एवं सुलभ हो। कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे, दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा और तृतीय चरण में 5 मई से 31 मई तक प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी सचिव भारतीदासन ने जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर साइबर अपराध संबंधी प्रकरणों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बताया कि जिले में साइबर अपराध निवारण हेतु विशेष पुलिस सेल गठित की गई है।

बैठक लेती एडिशनल एसपी अर्चना झा।

सुशासन तिहार व अनिरुद्धाचार्य की कथा को लेकर जन चौपाल

सीपत। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। इसके तहत 11 अप्रैल तक जनता की समस्याओं से जुड़े आवेदन लिए जायएंगे। इसके लिए हर गांव और हर शहर में समाधान पेटियां लगाई गई हैं, ताकि जनता अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगो को इस पेटी में डाल सके।

इसी इसी कड़ी में बुधवार को दर्राभाठा के बाजार चौक में जन चौपाल में लगाया गया, जिसमें मुख्य रूप से एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, सीपत टीआई गोपाल सतपथी, सरपंच एनल धृतलहरे उपस्थित रहे। जन चौपाल में ग्रामीणों को मांग, सुझाव, समस्या व शिकायत से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डालने की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने अवैध शराब को लेकर सीपत टीआई गोपाल सतपथी द्वारा पूर्व में की गई कार्रवाई की सराहना की। इसके अलावा एडिशनल एसपी अर्चना झा ने आगामी 19 से 25 अप्रैल तक दर्राभाठा मे अनिरुद्धाचार्य की ऐतिहासिक श्रीमद्भागवत कथा आयोजन को लेकर आयोजक छविलाल पटेल से पार्किंग, पानी की समस्या, टेंट, चिकित्सा सुविधा, वालेंटियर्स की सहभागिता, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान टिकम चंद्राकर, उपसरपंच विजय पटेल, तुषार चंद्राकर, प्रमोहित कश्यप, श्रीराम शर्मा, कमलेश पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। एडिशनल एसपी अर्चना झा ने ग्रामवासियों से कहा कि वे 8 से 11 अप्रैल तक लोग अपनी समस्याओं, शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डाल सकते हैं।

नगर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने चला हस्ताक्षर अभियान

हस्ताक्षर अभियान में शामिल युवा।

तखतपुर। भारी वाहनों को मोढ़े बरेला बायपास से गुजारने के लिए नगर में लोगों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर नगर में भारी वाहनों के प्रवेश तत्काल बंद करने की मांग की। नगर के बीच से 24 घंटे भारी वाहनों के गुजरने से लगातार दुर्घटना हो रही है। नगरवासियों ने इस ओर कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। इस व्यवस्था परेशान नगरवासियों ने स्वयं बेड़ा उठाते हुए नगर में भारी वाहनों का प्रवेश बंद करने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि सभी भारी वाहनों का प्रवेश नगर में तत्काल बंद हो और इसे बायपास से ही गुजरने की अनुमति प्रदान की जाए।

विधायक ने भी की पहल-तखतपुर नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध हो इसके लिए विधायक धर्मजीत सिंह ने भी पहल करते हुए मुंगेली कलेक्टर, तखतपुर एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया है कि तत्काल भारी वाहन का प्रवेश रोका जाए जिससे हो रही दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सके।

स्काउट गाइड द्वारा स्थापित 10 प्याऊ घरों का किया गया उद्घाटन

मुंगेली। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के द्वारा नगर में 6 प्याऊ घर व लोरमी में 4 प्याऊ घर सहित जिले में कुल 10 प्याऊ घरों की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन व शुभारंभ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्काउटिंग नियम अनुसार स्कार्फ पहना कर व बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं अध्यक्ष जिला संघ मुंगेली जेठमल कोटडिया द्वय के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जिला संघ मुंगेली की ओर से जन्मोत्सव अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के पश्चात प्याऊ घरों का उद्घाटन व समीक्षा सहित वार्षिक कार्य योजना के लिए बैठक की गई, जिसमें मुख्य मुख्य अतिथि डॉक्टर सोमनाथ यादव ने मुंगेली के जिला संघ के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है, जो समाज के प्रति हमारे उत्तरदायित्व को दर्शाता है। जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर एवं जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे ने युवाओं को अनुशासन, समर्पण एवं सेवा कार्य में सदैव अग्रणी रहने की बात कही। स्वागत भाषण जिला सचिव आकाश परिहार ने एवं वार्षिक प्रतिवेदन जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला संघ के उपाध्यक्ष रामशरण यादव, आजीवन सदस्य प्राचार्य दिलीप ताम्रकार एवं प्राचार्य आईपी यादव ने भी सभा को संबोधित किया। मंचस्थ अतिथियों में सहायक जिला आयुक्त विखं शिक्षा अधिकारी मुंगेली प्रतिभा मंडलोई, नीरज यादव बिलासपुर भी शामिल रहे। उक्त अवसर पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुषमा पांडेय, जिला संगठन आयुक्त मोरध्वज सप्रे, ब्लॉक सचिव पथरिया पीतांबर मानिकपुरी, ब्लॉक सचिव मोनू बेलदार, ब्लॉक सचिव लोरमी युगल किशोर राजपूत सहित अमित गुप्ता, सुभाषिनी राजपूत, रविकांत बंजारा इत्यादि मौजूद रहे।

प्याऊ घर का शुभारंभ करते स्काऊटर्स।

होम्योपैथिक दिवस पर शिविर लगा कर की गई लोगों की जांच

मुंगेली। विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर शासकीय होम्योपैथिक औषधालय की डॉ गुंजन तिवारी ने चेकअप शिविर लगा कर आमजनों एवं मरीजों को मुफ्त में दवा वितरित कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मुंगेली जिला के अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी ने विश्व होम्योपैथिक दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि होम्योपैथिक दवाई जिसका कभी भी कोई साइड इफेक्ट तो नहीं होता है और होम्योपैथिक दवाई से थोड़ा समय लगता है मगर जटिल से जटिल बीमारी में लाभ और मरीज स्वस्थ भी होता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केसरवानी, पूर्व पार्षद डॉ संजय वर्मा, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्य भारतीय जनता पार्टी अनूप जैन, युवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, डॉ गुंजन तिवारी, डॉ कशरवानी सहित आमजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

तर्कीडीह में सुशासन तिहार की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

प्रदेश सरकार के मंशानुरूप मुंगेली जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के तहत समाधान पेटी लगा लगा कर लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समाधान पेटी में डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत तर्कीडीह में भी समाधान पेटी लगाई गई, लेकिन जिम्मेदार व्यक्ति ना होने के कारण यहां सुशासन तिहार महज मजाक बन कर रह गया है। ग्रामीण मनोज घृतलहरे ने बताया कि वह अपनी शिकायत का आवेदन लेकर शिकायत पेटी में डालने स्कूल गया था। वहां जाकर पता चला कि शिकायत तो पेटी है, लेकिन कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। इतना ही नहीं वहां लोग ताश खेल कर मजे ले रहे थे, जिसको देखकर महिलाएं वहां जाने से कतरा रही थीं। एक तरफ सरकार पारदर्शिता लाने की मंशा से इस अभियान को तिहार के रूप आयोजित कर रही है, वहीं कुछ कर्मचारियों-अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार शिकायत पेटी स्थल पर ताश खेलने वालों में गांव के कुछ जनप्रतिनिधि भी शामिल थे।

कराई जाएगी जांच

यह अभियान सुशासन तिहार के रूप में मनाया जा रहा है, जहां प्रत्येक ग्राम पंचायतो में समाधान पेटी रखी गई है। तर्कीडीह में लापरवाही की जानकारी मिली है, जिसकी जांच कराई जाएगी।

- प्रभाकर पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत मुंगेली

धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती

भरींडांड। जिला नर्मदा खंड साहू समाज के तत्वाधान में मरवाही ब्लॉक के ग्राम मड़वाही में भक्त माता कर्मा की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से आए सम्माननीय सामाजिक महिलाएं, सामाजिक बंधुओं सहित युवा और नन्हे बच्चों ने शोभायात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

शोभा यात्रा बहुत ही भव्य रूप से निकाली गई, जिसमें साहू समाज का विशाल जनसमूह मौजूद रहा। शोभा यात्रा के बाद संत शिरोमणि भक्ति माता कर्मा की पूजा व आरती कर दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत कोटा की सरोज दुर्गेश साहू ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष साहू संघ बिलासपुर तिलक राम साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत कोटा सरोज दुर्गेश साहू, साहू समाज के जिला अध्यक्ष रमेश साहू, तहसील अध्यक्ष मरवाही दिलीप साहू , तहसील अध्यक्ष पेंड्रा आनंद साहू, तहसील अध्यक्ष कोटमी कृष्ण कुमार साहू, तहसील अध्यक्ष गौरेला कमल साहू, संरक्षक अशोक साहू, श्याम सुंदर साहू, शंकर लाल साहू, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सौरभ साहू ,उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष विजय साहू, सचिव विश्वनाथ साहू, अनुपम गुप्ता सचिव तहसील गौरेला, जिला अध्यक्ष महिला साहू समाज भारती अशोक साहू, तहसील अध्यक्ष पेंड्रा शारदा रमेश साहू, तहसील अध्यक्ष गौरेला नीता साहू, तहसील अध्यक्ष मरवाही सिंपी दिलीप साहू, तहसील अध्यक्ष कोटमी गीता दुर्गा साहू शामिल थीं। जिला नर्मदा खंड साहू समाज ने समारोह में आए स्वजातीय बंधुओं हृदय से आभार व्यक्त किया।

महावीर स्वामी चौक में प्रसादी का किया गया वितरण

उत्साह के साथ मना महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव, निकली प्रभात फेरी

मुंगेली। जैन तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार को नगर में उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के सातवें दिन गुरुवार 10 अप्रैल को सुबह 6 बजे मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई जो नगर भ्रमण पश्चात झंडा वंदन के साथ पूर्ण हुई। इसके बाद सुबह 8 बजे से मंदिर में परमात्मा जन्म पश्चात स्नात्र महोत्सव हुआ। तत्पश्चात भगवान महावीर की भव्य शोभायात्र निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस जैन मंदिर पहुंची।

महावीर जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई जो जैन मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान महावीर स्वामी चौक पहुंची, जहां नवनिर्मित अहिंसा सर्किल में जैन समाज के वरिष्ठजनों के साथ गांधी वार्ड पार्षद विनय चोपड़ा ने पूजा-अर्चना की। दोपहर 12 बजे से कंवरलाल बैद ओसवाल भवन में सकल जैन समाज का स्वधर्मावात्सल्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके बाद 2 बजे से भगवान महावीर स्वामी चौक में महावीर प्रसादी का वितरण स्व उत्तमचंद चोपड़ा की स्मृति में बिमलाबाई चोपड़ा परिवार के सौजन्य से किया गया। दोपहर 2.30 बजे से मंदिर में भगवान महावीर की षट्कल्याणक पूजा एवं नवपद पूजा का आयोजन हुया। रात्रि में मंदिर प्रांगण में संगीतमय प्रभु भक्ति के आयोजन के साथ समारोह संपन्न हआ। भगवान महावीर जन्म कल्याणक सप्ताह के अंतर्गत प्रत्येक दिन सुबह प्रभात फेरी निकाल कर भगवान महावीर के संदेशों को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

कल्याणक सप्ताह प्रथम दिन पारख मल्टीस्पेशिलिटी हास्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ श्रेयास पारख, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ हिना पारख, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ महावीर सिंह, पेट, लीवर, आंत रोग विशेषज्ञ डॉ सोनल बघेल ने अपनी सेवाएं दी। सप्ताह के दूसरे दिन जीव दया के कार्यक्रम के तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गायों को फल सब्जी, रोटी, गुड़ खिलाया गया। साथ ही बकेला पार्श्व मनोहर मंडल द्वारा आनंदाश्रम में फल आदि का वितरण किया गया। तीसरे दिन कलावीर जैन गॉट टेलेन्ट का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न लोगों ने अलग-अलग शानदार प्रस्तुति दी। चौथे दिन मनोहर महिला मंडल द्वारा म्युजिकल एक मिनिट एवं ग्रुप डांस का कार्यक्रम हुआ। पांचवें दिन सुबह 8 बजे से सम्पूर्ण विश्व के साथ साथ मुंगेली में भी सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने विश्व शांति की प्रार्थना की। इसी दिन रात्रि में मनोहर महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें के भगवान के जन्म के पूर्व माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्नों पर सुंदर नृत्य एवं भाव प्रस्तुति विभिन्न महिलाओं द्वारा की गई। पूरे कार्यक्रम में युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं सहित श्रद्धालु उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

प्रभात फेरी में शामिल सामाजिकजन।

10 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/11/2025 12:23 AM Page 1

खबर संक्षेप

वकील के सिर पर शराब की बोतल से हमला

बिलासपुर। बीती रात घर जा रहे वकील को रोककर एक युवक ने शराब की बाटल से सिर पर हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर निवासी वकील शिवम तिवारी पिता प्रदीप तिवारी 9 अप्रैल को रात 12.30 बजे एक्टिवा में महाराणाप्रताप चौक से घर रहे थे। शराब दुकान के पास अजय खाण्डेकर ने उन्हें आवाज लगाई। वे उनके पास गए तो अजय खाण्डेकर उनके साथ गाली गलौज करने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए शराब की बोतल से उनके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने वकील श्री तिवारी की रिपोर्ट पर हमलावर अनिल खाण्डेकर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

युवक के सिर पर चाकू से किया हमला

बिलासपुर। पुलिस का खौफ नहीं होने से शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए हैं। आलम यह है कि एक छात्र को तेज रफ्तार से जा रहे बाइक सवार को गाड़ी धीरे चलाना कहना महंगा पड़ गया। बेखौफ बाइक सवार युवक ने छात्र से मारपीट करते हुए उसके सिर पर चाकू से हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावर बाइक सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, लालखदान गोंड़पारा निवासी तुषार सिंह पिता घनश्याम सिंह बीए फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। 9 अप्रैल को उनके घर में छठ्ठी का कार्यक्रम था। रात्रि 10.45 बजे मेहमानों को खाना खिलाकर घर से गली की तरफ निकले थे। इसी दौरान लाल खदान निवासी छोटू पासी बेलगाम तरीके से तेज रफ्तार में बाइक से निकल रहा था। तुषार सिंह ने उन्हें बाइक धीरे चलाने को कहा। इस पर छोटे पासी बाइक खड़ी कर आया और तू ज्यादा बात करता है कहकर गाली-गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर छोटू पासी ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से सिर पर हमलाकर बाइक से भाग निकला। पुलिस ने छात्र तुषार सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर छोटू पासी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

औपचारिकता ही साबित हो रहा है निगम का यह अभियान

जहां खाली करवाई गई जगह, वहां फिर से जम गए रेहड़ी और ठेले वाले

शेफर्ड स्कूल के सामने लगी गुपचुप-चाट की दुकान।

शनिचरी बाजार स्थित बिलासा चौक पर सड़क घेरकर लगाई दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की मुख्य सड़क से अस्थाई अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा है। निगम का अभियान और लगातार कार्रवाई भी औपचारिक ही साबित हो रहा है। पिछले दो दिनों में निगम ने जहां से ठेले गुमटी वालों को हटाया था गुरुवार को स्थिति जस की तस हो गई। उन्हीं जगहों पर वे ठेले और रेहड़ी वाले जम गए।

मंगला चौक से लेकर शेफर स्कूल तक, देवकीनंदन चौक से सदर बाजार तक, सिटी कोतवाली से लेकर गांधी चौक तक और उससे आगे दयालबंद, तोरवा तक वही स्थिति रही। बस स्टैंड और पुराने हाईकोर्ट के पास जहां भारी विवाद के बीच कब्जे हटाए गए थे वहां गुरुवार सुबह से फिर से चाय नाश्ते से लेकर फल और फूल की दुकानें लग चुकीं थीं। जिला अस्पताल के सामने भी फिर से कब्जा हो गया था। सीएमडी कालेज के सामने से तो ठेले वाले हटने का नाम नहीं ले रहे हैं।

शहर की कई सड़कों पर अवैध चौपाटियां चल रही हैं। निगम और ट्रैफिक पुलिस की अनुमति के बिना यहां कारोबार किया जा रहा है। देखा जाए तो निगम ने शहर में 1200 के करीब लोगों को वेंडिंग जोन के लिए चिन्हित किया है, जबकि पांच हजार से ज्यादा ठेले और चौपाटियां लग रही हैं। इन अवैध चौपाटियों और ठेलों को नियंत्रित नहीं किया जा रहा है। निगम अमले ने पिछले दो दिनों की कार्रवाई में पूरे शहर भर में तोड़फोड़ मचाई और कब्जा हटाया। गुरुवार को फिर से उन्हीं जगहों पर कब्जा हो गया। शनिचरी में फल वाले बाल्मिकी चौक पर पहुंच गए तो बृहस्पति बाजार पर तो ठेले वालों का कब्जा सालों से है। इनके ठेले सड़क पर लगते हैं इससे वाहन क्या पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।

15 फिट तक संकरी हो गईं हैं सड़कें

श्रीकांत वर्मा मार्ग, सरकंडा में पुराने पुल से लेकर सुभाष चौक तक, मंगला चौक से मुंगेली नाका चौक, लिंक रोड के साथ ही मिशन अस्पताल के सामने सड़कें 10 से 15 फीट तक संकरी हो गई हैं। दोनों तरफ आठ-आठ फीट तक शेड या सामान निकालकार कारोबार करने वालों की वजह से इन सड़कों में ट्रैफिक का बुरा हाल है। दुकानों के सामान के अलावा सड़कों पर ठेले-खोमचे और फेरी लगाने वालों के कारण भी गाड़ियों के आने-जाने के लिए जगह नहीं बच रही है। ट्रैफिक की यह अव्यवस्था लोगों को भारी पड़ रही है। पिछले कुछ दिनों से निगम और पुलिस का अमला शहर में कार्रवाई जरूर कर रहा है। अव्यवस्था फैलाने वालों को एक चेतावनी दी जा रही है। उसके बाद भी कारोबारी सुधर नहीं रहे हैं। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार चौक तक की हालत तो और बुरी है।

शनिचरी के मुख्य मार्ग पर लगा टोकनी व मटके की दुकान।

बिना अनुमति खुल रही चौपाटियां

शहर में कोई भी कहीं पर चाट-गुपचुप और अन्य खाद्य पदार्थों का ठेला लगाकर चौपाटी खोल रहा है। इसकी न तो निगम से अनुमति ही ली जा रही है और न ही इन जगहों पर वेंडिंग जोन घोषित किया जा रहा है। तेलीपारा, इमलीपारा में तीन जगहों पर छोटी चौपाटी बन गई है। बस स्टैंड में राजीव प्लाजा के सामने, दयालबंद में अवैध ठेले-खोमचे और छोटी दुकानें खुल गईं हैं। हालांकि नगर नगम इनमें से कुछ को वेंडिंग जोन घोषित कर कारोबारियों को लाइसेंस दे रहा है।

कड़ी कार्रवाई के बाद ही सुधरेगी व्यवस्था

ट्रैफिक विशेषज्ञ और टाउन प्लानरों के अनुसार यदि व्यवस्था नहीं सुधर रही है तो सड़कों पर सामान फैलाकर कारोबार करने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा सकती है। दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कार्रवाई होने पर लोगों में सुधार की जरूरत महसूस होगी। यही नहीं, जब्त सामान को राजसात करने का भी सख्त निर्णय लेना होगा। सड़कों से इन चौपाटियों को हटाने के लिए लगातार अभियान के साथ ही कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

किसान से 4 लाख 50 हजार की ठगी

बिलासपुर। व्यावसाय करने के लिए लोन दिलाने का झांसा देकर किसान से 4 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, ग्राम सारधा निवासी अमित कुमार निर्णजक की ग्राम झाल निवासी मनोहर रात्रे से जान पहचान थी। उसने किसान को सरकारी योजना के तहत 6 लाख रुपए व्यावसायिक लोन दिलाने का झांसा दिया और आधार कार्ड पैनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कापी के साथ एक चेक भी बतौर गारंटी लिया। इसके बाद भी उन्हें कोई लोन मिला, किन्तु 4 अप्रैल को उनके बैंक खाते से 4.50 लाख रुपए ट्रांसफर हो गए। किसान ने मनोहर रात्रे से संपर्क करने का प्रयास किया, किन्तु उसका मोबाइल लगातार बंद मिल रहा है। उसके गांव जाने पर भी उसका पता नहीं चला। किसान ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने किसान की रिपोर्ट पर मनोहर रात्रे के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

1 लाख 23 हजार की ठगी डेढ़ साल बाद जुर्म दर्ज

सेमरताल में रहने वाली महिला को 25 लाख इनाम का झांसा देकर एक लाख 23 हजार की ठगी कर ली गई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने डेढ़ साल बाद मामले में धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज किया है। सेमरताल निवासी शिवकुमारी सूर्यवंशी ने बताया कि उनके मोबाइल पर 19 अगस्त की शाम अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने 25 लाख रुपए इनाम का झांसा दिया। इनाम की राशि भेजने के लिए उसने महिला से कुछ रुपए मांगें। महिला ने पड़ोसियों से उधार मांगकर रुपए लाए। इसके बाद जालसाजों ने उनसे अलग-अलग बहानों से रुपए मांगने शुरू कर दिए। छह दिन के भीतर ही महिला ने एक लाख 23 हजार रुपए जालसाजों को दे दिए। जब जालसाजों की मांग बढ़ती गई तो महिला ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। तब उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई। उन्होंने इसकी शिकायत कोनी थाने में की है। इस पर पुलिस ने आइपीसी की धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।